



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 130 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 09 फरवरी 2026 डाक 10 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज से 18 फरवरी 2026 तक मनाया जाएगा वजन त्योहार

### कलेक्टर ने की अपील,बच्चों का वजन जरूर कराएं

**कोरबा ।** जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पोषण स्थिति के वास्तविक आकलन एवं अध्ययन हेतु 09 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक वजन त्योहार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के 2602 आंगनवाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।वजन त्योहार के दौरान बच्चों का वजन एवं ऊँचाई का मापन किया जाएगा तथा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर उनकी पोषण स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन उपरांत बच्चों को आवश्यकतानुसार पोषण परामर्श, स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन एवं विभागीय सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ किया जा सके।महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री बसन्त मिंज ने बताया है कि विभाग द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। विभागीय निर्देशानुसार वजन त्योहार के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के साथ-साथ ऐसे बच्चों का भी वजन लिया जाएगा, जिनका नाम अभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज नहीं है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र बच्चा शासन की पोषण एवं स्वास्थ्य योजनाओं से वंचित न रहे।

इस संबंध में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा भी बैठक लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देकर निर्धारित अवधि में वजन त्योहार को सुचारू, प्रभावी एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित करने तथा किसी भी पात्र बच्चे के नहीं छूटने के निर्देश दिए हैं।

वजन त्योहार का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों की समय रहते पहचान, आवश्यक हस्तक्षेप, उन्हें पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना तथा समुदाय में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों में निर्धारित तिथियों के दौरान बच्चों को अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं, ताकि वजन त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सके और जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें।

## पाली में 15 फरवरी से महाशिवरात्रि मेला, दो दिवसीय पाली महोत्सव की तैयारियाँ तेज



**कोरबा।** नगर पंचायत पाली में महाशिवरात्रि के अवसर पर पारंपरिक मेला 15 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर नगरीय प्रशासन द्वारा प्रारंभिक तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। पाली स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन शिव मंदिर के प्रति जिले भर सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है।महाशिवरात्रि पर्व पर पाली में शिव भक्तों का विशाल समागम होता है। पर्व की मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचने लगते हैं, जो अगले दिन देर शाम तक अनवरत जारी रहता है। मेले की अवधि के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के साथ-साथ खरीदारी के लिए भी मेला स्थल पहुंचते हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा मेला परिसर में दुकानों, स्टॉल, झूले एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए स्थल चिन्हित किए जा रहे हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजक दल लगातार कार्य में जुटा हुआ है।इधर, लोगों के बढ़ते उत्साह और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विगत एक दशक से पाली महोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे पाली क्षेत्र और महाशिवरात्रि मेले की भव्यता में निरंतर वृद्धि हुई है।पाली महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ भी तेज हो गई हैं। कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केराझरिया रोड पर विकसित स्थायी महोत्सव स्थल में इस वर्ष भी 15 एवं 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है। बीते चार वर्षों से इसी स्थल पर महोत्सव का सफल आयोजन होता आ रहा है।

दो दिवसीय महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड एवं छालीवुड के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। जिला प्रशासन एवं आयोजन समिति महोत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है।



## फेडरेशन के वनभोज में वर्मा ने संगठन की बताई शक्ति

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वावधान में पर्यटन स्थल सतरेंगा में भव्य नववर्ष मिलन एवं वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने की।कार्यक्रम में बी.पी. शर्मा (प्रांतीय संयोजक, पेंशनर प्रकोष्ठ), चंद्रशेखर तिवारी (प्रदेश अध्यक्ष, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ), पंकज पाण्डेय (प्रदेश अध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं बहुद्देशीय कर्मचारी संघ) तथा मनोज साहू (प्रदेश अध्यक्ष, शालेय प्रधान पाठक संघ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने कहा कि नववर्ष मिलन एवं वनभोज जैसे आयोजन कर्मचारी-अधिकारियों के बीच आपसी सौहार्द, भाईचारे और संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम कर्मचारियों को एक मंच पर जोड़कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने फेडरेशन द्वारा कर्मचारी हित में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला कोरबा द्वारा जिला संयोजक जगदीश खरे, उप संयोजक तरुण सिंह राठौर एवं महासचिव ओमप्रकाश बघेल के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारियों एवं महिला सदस्यों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### गौ संवर्धन समिति और गौ सेवा गतिविधि ने करायी परीक्षा

# गौ विज्ञान के बारे में विद्यार्थियों ने दिखाई रूचि

**कोरबा।** गौ-वंश के सांस्कृतिक, धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए कोरबा में द्वितीय चरण की गौ विज्ञान परीक्षा जिला स्तर पर रविवार को हुई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के चयनित 400 से ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सीएसईबी बुधवारी में आयोजित परीक्षा में 50 ऑब्जर्वर ने अपनी भूमिका निभाई। गौ-संवर्धन समिति और गौ-सेवा गतिविधि की ओर से परीक्षा का आयोजन किया गया। काफी समय से गौ-सेवा के क्षेत्र में ये संगठन काम कर रहे हैं। गाय के महत्व और जन सामान्य को इनसे मिलने वाली सेवा के बारे में व्यापक जागरुकता फैलायी जा रही है। अलग-अलग माध्यम का उपयोग इस काम में किया जा रहा है। संगठनों ने छत्तीसगढ़ स्तर पर ऐसे कार्यों का लोकव्यापीकरण किया है। इसी श्रृंखला में समिति ने 300 स्कूलों तक अपनी पहुंच बनाई और वहां संबंधित साहित्य के साथ अवधारणा को स्पष्ट किया। पिछले दिनों प्रथम चरण की परीक्षा का आयोजन स्कूल स्तर पर किया गया। 25, 50 और इससे अधिक प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर 1 से 3 विजेताओं को चयनित किया गया। इन्हें जिला स्तरीय परीक्षा में हिस्सा लेने की पात्रता मिली। वैकल्पिक रूप से कुछ मामलों में अभिभावक और शिक्षक भी परीक्षा में शामिल हुए। इन सभी ने गौ विज्ञान को लेकर न केवल अभिरुचि दिखाई बल्कि यह भी प्रदर्शित किया कि उनका जुड़ाव गौ-वंश से जुड़ी जानकारी को लेकर कितना करीब का है। परीक्षार्थियों से द्वितीय चरण की परीक्षा में देश की संस्कृति सहित धार्मिक विधान और वैज्ञानिक महत्व से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सभी



सहभागियों को गौ-संवर्धन समिति व गौ-सेवा गतिविधि के द्वारा पंचगव्य से तैयार उत्पाद जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर बुटोलिया, अशोक तिवारी, जयंत अग्रवाल द्वारा देकर प्रोत्साहित किया गया। परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों में इस परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। समापन पर सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह दिए गए।

### डीईओ ने आयोजन को बताया अद्भुत

परीक्षार्थियों को सम्मानित करते हुए कोरबा के जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बधाई दी। उन्होंने गौ विज्ञान परीक्षा के प्रति हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की रुचि और उनकी लगन के साथ-साथ इस आयोजन को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि अकादमिक शिक्षा से अलग भी बहुत से ऐसे विषय होते हैं जो विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धक करते है। निश्चित रूप से यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी उपयोगिता सर्वविदित है। आयोजकों ने जो भागीरथी प्रयास किया है, वह अकल्पनीय है। समिति बधाई की पात्र है।

### आगे और भी करेंगे बेहतर

गौ-संवर्धन व गौ-सेवा गतिविधि के प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश अग्रवाल एवं लालिमा जायसवाल ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को राज्य स्तरीय परीक्षा में प्रदर्शन का मौका मिलेगा। भविष्य में परीक्षा के स्वरूप को और भी परिष्कृत किया जाएगा। बताया गया कि विद्यार्थियों के अलावा जन सामान्य को गौ विज्ञान से जोडने् के लिए भी अभियान चलाएंगे। हमें खुशी होगी कि जन जन इस विषय को पूरी गम्भीरता से ले और आगे बढ़ाए।

## मोटरसाइकिल चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल आरोपियों से बरामद किया

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कोरबा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में थाना कोतवाली कोरबा क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी के एक प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि

प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 03.02.2026 की रात्रि लगभग 10:30 से 11:30 बजे के मध्य अपनी हीरो बुलेट मोटरसाइकिल (क्रमांक ष्ट्त 12 क्क



8550) को घर के सामने खड़ी कर नमाज पढ़ने गया था। वापस लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब पाई गई, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपियों से पूछताछ की गई, जिनके द्वारा चोरी की घटना स्वीकार की गई।गिरफ्तार आरोपीगण बरामदगीआरोपियों के कब्जे से चोरी की गई हीरो बुलेट मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

उक्त आरोपियों को दिनांक 07.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 20.02.2026 तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।कोरबा पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## बंगाली चाल में बर्षो से व्याप्त पानी की किल्लत होगी दूर, वार्ड क्र. 15 एवं 09 में पेयजल व्यवस्था होगी सुदृढ़



**कोरबा ।** कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत स्थित बंगाली चाल में बर्षो से व्याप्त पानी की किल्लत अब दूर होने जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 15 व वार्ड क्र. 09 में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। आज टी.पी.नगर स्थित टैगोर उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े सवा 87 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ कर कार्यो को त्वरित रूप से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि इसी ग्रीष्म ऋतु में इन कार्यो का लाभ वार्डवासियों को मिल सके। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित वार्ड के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम केरबा द्वारा टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत वार्ड क्र. 15 में टी.पी.नगर चौक से सुनालिया केनाल ब्रिज व बंगाली चाल तक तथा महाराजा होटल से पावर हाउस रोड तक 73 लाख 28 हजार रूपये की लागत से डी.आई.पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 09 इमलीडुग्गू के अंतर्गत अशोक घर से पूजा पाण्डेय घर तक बाईपास रोड, नागेश ठाकुर घर से आंगनबाड़ी एवं रेलवे मोहल्ला, टीका घर से आंगनबाड़ी तक 14 लाख 01 हजार रूपये की लागत से ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन बिछाने का कार्य निगम द्वारा कराया जाएगा, आज टी.पी.नगर स्थित टैगोर उद्यान में प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन महत्वपूर्ण व पेयजल व्यवस्था से जुड़े कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया।

निगम क्षेत्र में 36 करोड़ रू. से होने जा रहा जलप्रदाय विस्तार कार्य

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम क्षेत्र के दूरदराज बस्तियों व मोहल्लों तक पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु 36 करोड रूपये की लागत से जलप्रदाय विस्तार का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है,

## अराजक तत्वों की धरपकड़ के लिए कोरबा पुलिस ने रात्रि में चलाया विशेष अभियान, कई पर कार्रवाई

कोरबा जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में सतत कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 'सजग कोरबा - सतर्क कोरबा' अभियान के तहत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 07 एवं 08 फरवरी की दरमियानी रात्रि को कोरबा जिले में विशेष रात्रि चेकिंग एवं कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिले भर में गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन जांच की गई तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त न होने की कड़ी समझाइश दी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्व से आदतन अपराधी पाए गए 12 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 129 क्क्रस्स के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। वहीं, संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए गए 03 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा



128 क्क्रस्स के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त कांबिंग गश्त के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

कोरबा पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु 'सजग कोरबा - सतर्क कोरबा' अभियान के अंतर्गत इस प्रकार की सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

कोरबा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे कानून का पालन करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस सहायता नंबर पर दें।

## ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया गया आवास दिवस

**कोरबा ।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में शनिवार को चावल उत्सव, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया। आवास दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण के दौरान आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन प्रत्येक माह की 07 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए,

## वित्तीय संस्थानों में अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस ने नए सिरे से जागरूकता अभियान को किया शुरू, प्रबंधन से मिला सहयोग

**कोरबा ।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में 'सजग कोरबा' अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता संबंधी विशेष पहल की गई।इसी क्रम में 'सजग कोरबा' अभियान के तहत कोरबा पुलिस द्वारा आम नागरिकों को लूट, ठगी एवं चोरी जैसी घटनाओं से बचाव हेतु सतर्क एवं जागरूक किया जा रहा है। विशेष रूप से बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं की संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा एहतियाती उपाय अपनाने की अपील की जा रही है।कोरबा पुलिस द्वारा इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी भाषा में जागरूकता संदेश युक्त पंपलेट तैयार कर बैंक, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों में चस्पा किए गए हैं, ताकि स्थानीय नागरिकों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस द्वारा ऑडियो संदेश (माइक/लाउडस्पीकर) के माध्यम से भी बैंक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नागरिकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

इन पंपलेट्स एवं ऑडियो संदेशों के माध्यम से आम नागरिकों को सुरक्षित तरीके से बैंकिंग लेन-देन करने, संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहने तथा किसी भी असामान्य गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।पंपलेट में दिए गए छत्तीसगढ़ी



भाषा के जागरूकता संदेश (बिंदुवार) कोरबा पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं सजग रहें एवं अपने परिवार, परिचितों तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस सहायता नंबर पर दें, जिससे समय रहते अपराधों को रोका जा सके।

# 17.30 लाख कीमत के स्क्रैप को जप्त किया गया उरगा थाना क्षेत्र के यार्ड से

### गुप्तचर की सूचना पर पुलिस ने रेड की, बीएनएस में मामला दर्ज

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना उरगा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई।इसी क्रम में थाना उरगा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरबसपुर बायपास रोड स्थित एक स्क्रैप यार्ड में अवैध रूप से भारी मात्रा में चोरी से संबंधित लोहे का सामान, हाइवा, ट्रेलर एवं ट्रक के पुर्जे संग्रहित कर रखे गए हैं। सूचना पर थाना उरगा पुलिस एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई।



जांच के दौरान स्क्रैप यार्ड संचालक नूर आलम पिता मोह. मुरजा, उम्र 33 वर्ष, निवासी प्लॉट नं. 23, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मौके पर उपस्थित मिला। यार्ड में रखे गए वाहनों के पुर्जे एवं लोहे के सामान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहने पर उसके द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

दस्तावेजों के अभाव में उक्त सामग्री के अवैध होने की आशंका पर पुलिस द्वारा विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए मौके से भारी मात्रा में ट्रेलर की मंडी, डाला बॉडी एवं अन्य लोहे का सामान लगभग 1200 टन, अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। नगर निगम टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर स्क्रैप यार्ड को सीलबंद किया गया।

## पटेल समाज को मिला 10 लाख का भवन, सामाजिक गतिविधियों को मिलेगी यहां से ऊंचाई

**कोरबा।** कोरबा नगर विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने रविवार को मुड़ापार, हेलीपेड में मथुरा माली मरार पटेल समाज को 10 लाख की लागत से बने सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की सौगात दी।कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने समाज के पदाधिकारियों के साथ मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेश और शहर की खुशहाली की कामना की।नवनिर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि सभी समाज की आर्थिक उत्थान और प्रगति के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार सभी समाज के साथ खड़ी है और उनके उत्थान और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। कोरबा विधानसभा में भी सभी समाज की मांग अनुरूप विकास कार्यो को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मथुरा माली मरार पटेल समाज का आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता रहा है, समाज की सेवा करने का मुझे यह सौभाग्य मिला है। समाज की मांग पर प्रभारी मंत्री मद से 10 लाख की लागत से भवन का निर्माण कराया गया है, आज भवन समाज को समर्पित किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 55 सुमेधा नागिन भाटा में समाज के लिए सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख की स्वीकृति दी गई है, जल्द ही भवन पूर्ण हो जाएगा।मथुरा माली मरार पटेल समाज के समाज के सभी प्रमुख जनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि पटेल समाज एक संगठित और सशक्त समाज है। समाज एक सशक्त और संगठित समाज की अवधारणा को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। कड़ी मेहनत कर धरती को हरा भरा बनाने का कार्य मरार समाज करता है। उन्होंने कहा कि समाज आज खेती किसानी, सब्जी-भाजी के उत्पादन के साथ- साथ हर क्षेत्र में काफी आगे है।इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एमआइसी सदस्य श्रीमती धन कुमारी गर्ग, पार्षद ईश्वर पटेल, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद मुकुंद कंवर, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रामकृष्ण साहू, श्रीमती स्मिता सिंह, श्रीमती पूर्णिमा पासवान, नवनीत शुक्ला, सुकेश दलाल, श्रीमती संगीता साहू, अनुज यादव व समाज के प्रमुख, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि माननीय कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन की नेतृत्व में कोरबा शहर विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। शहर के वार्ड, बस्तियों के मूलभूत विकास कार्य की बात हो, या फिर बड़े निर्माण कार्यों की बात हो, और सबसे महत्वपूर्ण सभी समाज को उनके मांग अनुरूप विकास कार्यों की सौगात देने की बात हो। सभी कार्यों के लिए शासन से राशि की स्वीकृति भी ला रहे हैं, विकास कार्यों को शुरू कर पूर्ण कर सौगात भी दे रहे हैं।

# रामायुध अंकित गृह सोभा बरनी न जाए :राजेश्री महन्त

## श्री शिवरीनारायण मठ में माह के द्वितीय रविवार को रविवारीय राम कथा का हुआ आयोजन



**शिवरीनारायण ।** श्री शिवरीनारायण मठ में माह के द्वितीय रविवार को आयोजित होने वाला रविवारीय राम कथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। माघी पूर्णिमा के अवसर पर शिवरीनारायण मेला के परिपेक्ष में लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10.00 बजे भगवान राघवेंद्र सरकार एवं माता जानकी की तैल चलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं रामायण जी की आरती से हुआ। शिवरीनारायण क्षेत्र एवं दूर दराज के गांव व नगरों से पधारे हुए मानस के वक्ताओं- एवं श्रोताओं ने बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक श्री राम कथा का रसपान किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि- हनुमान जी लंका में माता जानकी की खोज करते हुए घूम रहे थे। उन्हें कहीं भी माता सीता दिखाई नहीं दी, तब उन्होंने देखा कि एक घर लंका में ऐसा बना हुआ है जिसके दरवाजे पर राम नाम अंकित है,धनुष बाण का चित्र बना हुआ है और तुलसी का पौधा विराजित है, यह देखकर उन्हें ऐसा लगा कि यहां किसी सज्जन व्यक्ति का निवास है। माता सीता का पता चल जाएगा *रामायुध अंकित गृह। सोभा बरनी न जाय। नव तुलसी का वृन्द तहं। देखि हरषि कपि राय।

मिडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने भी श्रोताओं को संबोधित किया और कहा कि - आप सभी पुण्य की राशि हैं, बड़े ही पुण्यात्मा हैं कारण कि आप सभी ने उस पुण्य धरा पर मानव का शरीर धारण किया है जहां भगवान की चरण धूलि पड़ी है, गोस्वामी तुलसीदास दास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि - पुण्य पुंज मग निकट निवासी।।

लोगों को अनेक मानस वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल, त्यागी जी महाराज, सुखराम दास जी एवं मानस वक्ता भगत राम साहू,गंगा राम कैवर्त,कुंज राम कश्यप, शिवकुमार द्विवेदी, सीताराम डड़सेना, तथा टी आर साहू एवं साथी (जांजगीर) सहित श्रोता समूह बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंग नाथ यादव ने किया।

# चक्काजाम करने के मामले में विधायक सहित 12 लोग किये गए गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** जिले में सड़क की बदहाली को लेकर हुए चक्काजाम मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने विधायक व्यास कश्यप सहित 12 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, मामला जमानती होने के कारण सभी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया है।

वहीं, गिरफ्तारी को लेकर विधायक ने कहा कि वे किसी भी गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होने बताया कि जांजगीर-पीथमपुर सड़क के अलावा नैला ओवरब्रिज सहित कई सड़कें हैं, जिनके मामले आज भी मंत्रालय में लंबित हैं। यह मामला 30 जून 2024 का है। जब जर्वे-पीथमपुर रोड की जर्जर हालत सुधारने की मांग को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने करीब 6 घंटे तक जांजगीर-चांपा मार्ग को अवरुद्ध कर दिया था। इस दौरान एक एम्बुलेंस को भी रोके जाने का आरोप लगा था।एम्बुलेंस ड्राइवर की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया था। ड्राइवर ने बताया था कि 30 जून को शाम 4 बजे वह एम्बुलेंस से मरीज लेकर अस्पताल जा रहा था, तभी खोखसा ओवरब्रिज पर रास्ता जाम होने के कारण अस्पताल पहुंचने में देरी हुई।इस पर विधायक व्यास कश्यप सहित 12 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 191(2) और 126(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में कोतवाली पुलिस के हवलदार राकेश तिवारी ने विधायक व्यास कश्यप और 12 अन्य आरोपियों को उनके कार्यालय में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद सभी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस मामले में विधायक ने कहा कि जनता के हक और उनकी आवाज की लड़ाई के लिए वे किसी भी गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं हैं। मई महीने में धरने के दौरान प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया था कि तय समय में काम होगा, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ।

**विधायक ने कहा**



विधायक ने दोहराया कि यह जनता का दर्द है और वे जनता के साथ खड़े हैं, चाहे कितनी भी गिरफ्तारियां हों या किसी भी स्तर पर संघर्ष करना पड़े, वे आंदोलन का नेतृत्व करने को तैयार हैं। गिरफ्तारियों से कोई फर्क नहीं पड़ता यह लड़ाई जनता के हित के लिए है। हम लड़ेंगे, जरूरत पड़ी तो खप जाएंगे, लेकिन जनता को उनका हक दिलाकर रहेंगे।

## भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन प्रारंभ, 01 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय वायुसेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 03 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 रात्रि 11 बजे तक भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट https//:agnipathvayu.cdac.in पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्ठम् सत्र सोमवार 23 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जायेंगे। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगे।

## शिव महापुराण: निकली कलश यात्रा

**सक्ती।** ग्राम पंचायत नंदौर कला में आयोजित शिव महापुराण कथा का शुभारंभ प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा और कथा श्रवण के साथ हुआ। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिव महापुराण ग्रंथ की पूजा की और कथावाचक अश्वनी पांडे को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## शराब पीने के दौरान विवाद हमले में युवक की हुई मौत

**जांजगीर।** शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना शनिवार रात की है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रोशन सूर्यवंशी (23) के रूप में हुई है। शनिवार रात करीब 10 से 11 बजे रोशन सूर्यवंशी कुछ अन्य युवकों के साथ तालाब के पास शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने रोशन के पेट पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसकी आंतें बाहर आ गईं और वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही तड़पने लगा। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे और घायल रोशन को जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मुलमुला व अकलतरा क्षेत्र में छह जुआरी पकड़े गए

**जांजगीर।** थाना मुलमुला व अकलतरा पुलिस ग्राम मुरलीडीह के शासकीय गोदाम के पीछे जुआ खेलते छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों से 7110 रुपए और ताश पत्ती बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में करण बघेल (26) पिता राजेश निवासी पेण्ड्री मस्तूरी, सूरज कुमार कुर्रे (26) पिता कमल निवासी सीपत, अजय कुमार रात्रे (37) पिता कमल प्रसाद निवासी अर्जुनी, थाना अकलतरा), प्रकाश पटेल (29) पिता शरन निवासी तोरवा, ओमप्रकाश केवट (29) पिता लखन लाल निवासी तोरवा व मुकेश कुमार महिलांगे (30) निवासी सीपत शामिल हैं। कार्रवाई में निरीक्षक पारस पटेल, निरीक्षक भास्कर शर्मा, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद महार, प्रधान आरक्षक राजमणि द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# पराली जलने से बचायी, अब इसी जमीन पर खेती को बढ़ावा

**जांजगीर-चांपा।** जगमहंत निवासी रिटायर्ड एसीपी शैलेन्द्र सिंह बनाफर ने फौज से रिटायर होकर न सिर्फ खेती में नई जान डाली, बल्कि पराली को जलने से रोककर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दे रहे हैं।

फौज में रहते हुए भी उनका दिल खेती की ओर खींचता था और रिटायरमेंट के बाद उन्होंने इसे अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। बनाफर ने अपने गांव में 12 एकड़ निजी जमीन के साथ कुल 20 एकड़ जमीन पर खेती शुरू की।

पहले गांव में किसान धान की पराली जलाते थे, जिससे प्रदूषण बढ़ता और मिट्टी की उर्वरता घटती थी। पराली जलाने से कीटाणु मर जाते हैं और मिट्टी में प्राकृतिक खाद घट जाती है। उनके घर के चारों ओर पराली जलती, तो घर में रहना मुश्किल हो जाता था। ऐसे में उन्होंने रीपर मशीन लाई, जो पराली को जलाने की बजाय काटकर मवेशियों का चारा या खेत के लिए खाद बनाने में मदद करती है।

रिटायर्ड एसीपी शैलेन्द्र सिंह बनाफर ने फौज से रिटायर होकर न सिर्फ खेती में नई जान डाली, बल्कि पराली को जलने से रोककर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दे रहे हैं।

रिटायर्ड एसीपी शैलेन्द्र सिंह बनाफर ने फौज से रिटायर होकर न सिर्फ खेती में नई जान डाली, बल्कि पराली को जलने से रोककर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दे रहे



हैं।इस साल उन्होंने लगभग 100 एकड़ जमीन पर पराली को जलने से रोका। इसका उपयोग खाद बनाने में या मवेशियों के चारे के तौर पर उपयोग में हो रहा है। उन्हें खुद गांव के गोठान को दो ट्रैक्टर पैरा दान किया है, जो मवेशियों के पेट भरने के काम आ रहा है। इस प्रक्रिया से मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ी, यूरिया की जरूरत कम हुई और खेत स्वच्छ भी रहे।

बनाफर के अनुसार यह तकनीक न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा करती है, बल्कि किसानों की लागत भी घटाती है। बनाफर ने गांव के अन्य किसानों को भी इस तकनीक से परिचित कराया। कई किसानों ने अब अपने खेतों में पराली कटवाकर पैरा से खाद तैयार करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने घर में चार आवारा घूम रही गायों को रखा और पराली का उपयोग उनके चारे के रूप में किया। इससे आवारा पशुओं की समस्या भी कम हुई और किसानों को प्राकृतिक खाद मिली। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने गोबर और कम्पोस्ट खाद का उपयोग शुरू किया है।पहले गांव में अधिक यूरिया और डीएपी का उपयोग होता था, जिससे मिट्टी धीरे-धीरे बंजर हो रही थी। बनाफर ने धीरे-धीरे मिट्टी का संतुलन लौटाया और ऑर्गेनिक खेती के प्रयोग शुरू किए। इसके परिणामस्वरूप खेत की उपज बढ़ी और लागत भी कम हुई।

उनकी देखा-देखी अब गांव के अन्य किसान भी पराली के उपयोग के लिए प्रेरित हो रहे हैं।बनाफर ने यह भी बताया कि उन्होंने सब्जियों की ऑर्गेनिक खेती शुरू की, जो उनके घर के लिए पर्याप्त है और यह युवा किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है। उनके अनुसार फौज में देश की सेवा की, अब धरती माता की सेवा करने का समय है।पर्यावरण और खेती दोनों में संतुलन लाना हमारी जिम्मेदारी है। बनाफर की पहल से गांव में नई चेतना फैली है। पहले युवा खेती छोड़ रहे थे और परंपरागत तरीके अपनाते थे। अब उनकी प्रेरणा से उनके दोस्तों ने 50-60 एकड़ अतिरिक्त खेती शुरू की है।किसान अब पराली जलाने की बजाय मशीन और मवेशियों का उपयोग कर उसे खेत में खाद के रूप में डाल रहे हैं। इससे जहां पराली जलाने से बच रहे हैं, वही खेत उपजाऊ बन रहे हैं।

## रायगढ़ में तापमान में गिरावट, न्यूनतम तापमान 12 डिग्री

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बीते करीब एक सप्ताह से रात के समय गर्मी का अहसास हो रहा था, लेकिन अब तापमान में गिरावट और हल्की हवाओं के कारण रात में फिर से ठंड महसूस होने लगी है। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति कुछ ही दिनों तक रहेगी। इसके बाद तापमान में फिर वृद्धि होने की संभावना है। जनवरी के अंतिम दिनों में ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने लगा था। वहीं फरवरी की शुरुआत होते ही दिन के समय गर्मी बढ़ने लगी थी। ऐसे में लोगों को लगने लगा था कि ठंड लगभग पूरी तरह खत्म हो चुकी है, लेकिन शनिवार रात से मौसम में बदलाव के चलते रात में हल्की ठंड लौट आई है।

न्यूनतम तापमान पहले 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन इसके बाद अचानक गिरावट दर्ज की गई और तापमान घटकर 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## अवैध रेत खनन: गाड़ी छोड़ भागे ड्राइवर, 6 हाईवा जब्त

**जांजगीर।** तहसील बम्हनीडीह के ग्राम पुछेली में राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन की सूचना पर छापामारी की।



टीम के पहुंचने पर हाईवा चालक भाग गए। इस दौरान 6 हाईवा अवैध रेत के साथ पकड़े गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। वाहन मालिकों को बुलाकर रेत के अवैध परिवहन पर जुर्माना वसूला जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन जब्त कर आरटीओ और डीपीएस को भी सूचना दी गई है। एसडीएम पवन कोसमा ने बताया कि टीम जैसे ही पहुंची, उसे देखकर ड्राइवर हाईवा छोड़कर भागने लगे। ऐसे में टीम ने मौके पर खड़ी सभी हाईवा को जब्त कर लिया है। अब मालिकों को बुलाकर जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इन वाहनों को किया जब्त 6सीजी 10 एई 8615 दिलीप 6सीजी 11 बीजे 6826 चंद्रशेखर खांडेकर 6सीजी 11 बीएन 7736 संत कुमार नायक 6सीजी 15 डीवी 2098 पंकज अग्रवाल 6सीजी 10 बीआर 1174 सचिन प्रसाद केसरी

## कपड़ा दुकान का शेड तोड़कर गल्ले से रकम ले गया चोर

**बिलासपुर।** कपड़ा दुकान का शेड तोड़कर चोर गल्ला से करीब 25 हजार रुपए चोरी कर ले गया। घटना ?सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। ईदगाह चौक निवासी मोहम्मद रिजवान आलम पिता मोहम्मद जफर (31) का मगरपारा में किस्म हॉस्पिटल के सामने रेड मेगा मार्ट नाम से कपड़े की दुकान है। शनिवार की रात करीब 10.30 बजे वह दुकान बंद कर घर आ गया था। रविवार की सुबह करीब 10.30 जाकर दुकान खोला तो टीन का शेड टूटा था और भीतर गल्ला खुला था। इसमें से करीब 25 हजार रुपए गायब थे। कोई रात में चुराकर ले गया था। दुकानदार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

## श्री श्याम भजन निशा 16 को, शुभम रूपम और रेशमी शर्मा होंगे शामिल

**बाराद्वार।** नगर के श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर 16 फरवरी को फागण की बयार भजन निशा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थानीय मां काली मंदिर के सामने स्थित मैदान में होगा। रात्रि 7.30 बजे से श्री श्याम बाबा की भजन संध्या शुरू होगी।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि फाल्गुन माह के पावन अवसर पर आयोजित इस भजन संध्या में देश के लोकप्रिय भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम बाबा के दरबार में भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने युवाओं की टीम उत्साह के साथ जुटी है।

सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जा रहा है और नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में होर्डिंग लगाकर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। मां काली मंदिर के सामने मैदान में श्री श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। बाराद्वार सहित आसपास के शहरों और जिलों से बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के पहुंचने की संभावना है। भजन निशा में कोलकाता के भजन गायक शुभम रूपम बाजोरिया और समस्तीपुर की भजन गायिका रेशमी शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम के दौरान भक्तजन श्री श्याम बाबा को सवामणी का प्रसाद अर्पित करेंगे।

## सुखद सत्संग अमृत कथा 10 फरवरी से

**सक्ती।** जिले के ग्राम डोंगिया सुलौनी में 10 फरवरी से तीन दिवसीय भव्य सुखद सत्संग अमृत कथा का आयोजन होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत असंगदेव महाराज अपने मुखारविंद से ज्ञान और अध्यात्म की अमृत वर्षा करेंगे। कथा 10, 11 और 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

## क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खिलाड़ियों से खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के पात्र खिलाड़ियों से खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन 16 फरवरी 2026 कार्यालयीन समय तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त योजना अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जांजगीर-चांपा में राज्य खेल संघों से प्रमाणिकरण संबंधित सहित आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों के राष्ट्रीय खेल/राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सीनियर वर्ग हेतु क्रमशः 75 हजार, 50 हजार, 40 हजार, जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 60 हजार, 40 हजार, 30 हजार तथा सब जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 50 हजार, 25 हजार, 20 हजार की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। एकल एवं दलीय खेलों में वास्तविक रूप से प्रतियोगिता में खेले हुए खिलाड़ी ही पात्र होंगे, जिसका प्रमाण संबंधित खेल संघ पदाधिकारियों के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। खेलवृत्ति की स्वीकृति हेतु संचालक, खेल एवं युवा कल्याण सक्षम अधिकारी होंगे। पात्रता - खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए तथा प्रतियोगिता में राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया होना अनिवार्य है। यदि खिलाड़ी एक से अधिक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करता है, तो श्रेष्ठतम वर्ग के आधार पर खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक खिलाड़ी को केवल एक बार ही खेलवृत्ति की पात्रता होगी। यदि किसी खिलाड़ी ने दो अलग-अलग वर्गों में पदक अर्जित किया है, तो उसकी सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के आधार पर खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति राशि अधिकतम 25 वर्ष आयु तक के खिलाड़ियों को दी जाएगी। आवेदन वर्ष के विगत वर्ष में अर्जित उपलब्धियों के आधार पर पात्रता का निर्धारण किया जाएगा। विगत वर्ष 2024-25 में अर्जित उपलब्धियों के आधार पर योजना अंतर्गत खेलवृत्ति प्रदान की जानी है।


**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202601050400053
रा.प्र.क्र.-अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार अशोक कुमार अग्रवाल एवं हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002/1 रकबा 0.86 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 07 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट को प्रसतावित क्रेता स्वप्निल पाण्डेय पिता श्री जयनाथ पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी एम-282 पंप हाउस कॉलोनी एसईसीएल कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हे, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202601050400054
रा.प्र.क्र.-अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार अशोक कुमार अग्रवाल एवं हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002/1 रकबा 0.86 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 08 क्षेत्रफल 1350 वर्गफीट को प्रसतावित क्रेता मुकलेश कुमार जैन पिता श्री किशन चंद जैन जाति जैन निवासी बी-05 जे.पी.कॉलोनी एसईसीएल कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हे, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र.1490/निर्माण/2026 — दिनांक 02.02.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निगम एरिया में लीकेज की समस्या के कारण अलग-अलग हेड टैंक के 450 एम.एम. डॉया मीटर के स्लुइस वॉल्व की मरम्मत एवं रिप्लेसमेंट कार्य (ग्री.पे.सं.नि. मद) (प्रथम निविदा) | 39.40 | 24.02.2026 (T.No.184787) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202601050400057
रा.प्र.क्र.-अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स महालक्ष्मी बिल्डर्स डेवलपर्स द्वारा भागीदार हेमंत शर्मा/हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15001/1 रकबा 0.93 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 08 क्षेत्रफल 2250 वर्गफीट को प्रस्तावित क्रेता प्रिन्स पालीवाल पिता कन्हैया लाल पालीवाल निवासी 59/166 राजेन्द्र पथ वैशाली नगर कुसमुण्डा कोरबा एवं संदीप सिंह पिता श्री राम उजागिर सिंह निवासी विकास नगर कुसमुण्डा कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हे, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202601050400056
रा.प्र.क्र.-अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स महालक्ष्मी बिल्डर्स डेवलपर्स द्वारा भागीदार हेमंत शर्मा/हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15001/1 रकबा 0.93 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 01 क्षेत्रफल 788 वर्गफीट को प्रस्तावित क्रेता सुशील कुमार अग्रवाल पिता स्व. राम स्वरूप अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी सी-1, सी-2 24 एम.पी. नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हे, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202601050400055
रा.प्र.क्र.-अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स महालक्ष्मी बिल्डर्स डेवलपर्स द्वारा भागीदार हेमंत शर्मा/हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15001/1 रकबा 0.93 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 03 क्षेत्रफल 1475 वर्गफीट को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती उपासना साहू पति श्री सूरज साहू जाति तेली निवासी म.नं. 868 सीतामणी चौक शिव मंदिर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हे, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

**हर समस्या अपने साथ समाधान भी लाती है, बस देखने की नजर चाहिए।**

# अमल की ताक में अदालत के महत्त्वपूर्ण आदेश

आरटीई कानून लागू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से जाहिर है कि सरकारों ने उस धारा के तहत अपने दायित्व को नहीं निभाया। यानी लड़कियों के लिए अलग शौचालय की जरूरत पूरी नहीं की गई। सुप्रीम कोर्ट की इस व्याख्या का ऊंचा सैद्धांतिक महत्त्व है कि मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संविधान प्रदत्त जीवन के मौलिक अधिकार का अभिन्न अंग है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंडपीठ ने कहा कि स्कूलों में लड़कियों को इससे संबंधित सुविधाएं मिलें, यह सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए। इस सिलसिले में लड़के, लड़कियों, और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग शौचालय बनाने तथा लड़कियों को सेनेटरी पैड मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट की ये राय सटीक है कि मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य के सुरक्षित, प्रभावी, और किफायती उपाय उपलब्ध ना होने पर लड़कियों की गरिमा प्रभावित होती है। इसलिए अदालत ने इन सुविधाओं को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बालिकाओं का मौलिक अधिकार बना दिया है। यानी न्यायालय ने जीवन के अधिकार संबंधी अनुच्छेद का विस्तार किया है। ठीक ऐसा ही विस्तार एक दशक पहले कोर्ट की एक संविधान पीठ ने किया था, जब निजता को नागरिकों का मौलिक अधिकार घोषित किया गया। दरअसल, गुजरे दशकों में कोर्ट ने अपने कई महत्त्वपूर्ण निर्णयों एवं व्याख्याओं के जरिए नागरिक समाज के विभिन्न समूहों के मौलिक अधिकारों का विस्तार किया है। लेकिन बात घूम-फिर कर अमल पर आ जाती है।

पूर्व निर्णय से निजता कितनी सुरक्षित हुई। खुद संसद ने जीवन के बुनियादी हक संबंधी अनुच्छेद 21 में उपधारा 21-ए जोड़कर प्राथमिक शिक्षा को बच्चों का मूल अधिकार बनाया था। उसके तहत स्कूल को खास ढंग से परिभाषित किया गया, जिसमें लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की अनिवार्यता उपलब्धता शामिल है। यह कानून लागू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से जाहिर है कि सरकारों ने उस धारा के तहत अपने दायित्व को नहीं निभाया। यानी ये जरूरत पूरी नहीं की गई। तो नए आदेश पर पालन सुनिश्चित कौन कराएगा। इसका उल्लंघन होने पर जवाबदेही कैसे तय होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अनेक संवैधानिक प्रावधान, कानून, और सर्वोच्च अदालत के महत्त्वपूर्ण आदेश आज भी अमल की ताक में हैं। अतः सुप्रीम कोर्ट को इस समस्या का भी निवारण करना चाहिए। वरना, उसका ताजा निर्णायक भी महज सैद्धांतिक रूप से महत्त्वपूर्ण बना रह जाएगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज लोगों का विश्वास आपमें बना रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्ति के इच्छुक छात्र के लिए समय बहुत अनुकूल है। आज छोटे भाई की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के लवमेट आज एक दूसरे को कुछ गिफ्ट देंगे तो प्यार में दोगुना बढ़ोतरी होगी। इस राशि के जो लोग लोहे का बिजनेस से जुड़े है आज के दिन उन्हें अधिक मुनाफा मिलने वाला है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के जो लोग आर्किटेक क्षेत्रों से जुड़े हैं,उनके लिए आज का दिन प्रगति देने वाला है। किसानों को आज कुछ फायदा हो सकता है। फसल के बिक्री से संबंधी मनचाही रकम जमींदार से मिल सकती है। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते है उनके लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन राशिः** आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। उनकी दुवाओं का असर शाम तक आपको जरूर मिलेगा। ऑफिस में आज कुछ नयी जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं । जिसे लेकर आस-पास के लोगों से विचार-विमर्श कर सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए घर के सभी सदस्यों की राय जरूर लें।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करने में आ रही अड़चने आज दूर हो जाएंगी। आज किसी ऐसे मित्र की मदद करेंगे जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता हैं। अगर आपने हाल में किसी काम की शुरूआत की हैं तो आज उसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। जिस अच्छे मौके की आप कई दिनों से इंतजार कर रहे थे वो आज पूरा हो जाएगा। ऑफिस में आज रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे हो जाएंगे। हो सकता है आपको पदोन्नत का अवसर भी मिल जाए। इस राशि के बिल्डर्स को आज अचानक से काफी फायदा हो सकता है साथ ही धनलाभ के नये सोर्स बनेंगे।

**कन्या राशिः** आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। बिजनेस में दूसरों से बातचीत करने और सलाह करने से आपको फायदा हो सकता है। आर्थिक पारिस्थितियां आज आपके अनुकूल रहेगी। इस राशि के अविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपके लिए शादी का प्रपोजल आएंगा।

**तुला राशिः** आज आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। साथ ही कहीं घुमने का प्लान भी बना सकते हैं।इससे पारिवार के सुख-शांति में वृद्धि होगी। आज अपनी मधुर भाषा के द्वारा आप अपने कार्य दूसरों से करवा सकने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज विवाहित अपने जीवनसाथी को अधिक टाइम देंगे तो दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। हो सकता है शाम तक किसी समारोह में साथ जाने का भी प्लान बना सकते हैं । आपको अधिक काम होने की वजह से आपको थकावट हो सकती है । शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताने से आप खुद को तनाव से राहत महसूस करेंगे। स्पोर्ट में रुचि रखने वालों का प्रर्दशन आज बेहतर रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें। इससे भविष्य में आपको ही फायदा होगा। आज व्यवहार कुशलता के कारण ऑफिस में बड़े अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाएं। इस राशि के जो लोग कवि है आज उन्हें किसी कवि सम्मेलन में कविता सुनाने का मौका मिल सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा आज दूसरों की बात पर भरोसा न करें। महिलाओं को आज कहीं से अचानक धन लाभ हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेना चाह रहे हैं। तो आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। बाहर कुछ टाईम स्पेंड करने से आपके रिश्ते मजबूत होंगे।


**कुम्भ राशिः** आज अपने व्यवहार में आपको थोडा परिवर्तन करने की जरूरत है। आपके अच्छे व्यवहार से आस-पास के लोग आपसे खुश रहेंगे साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। ऑफिस के काम से आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। आज किसी नये काम को शुरू करने से पहले बड़-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। जिसका फायदा आपको आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**मीन राशिः**आज आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। जिससे परिवार में सभी सदस्यों के रिश्ते मजबूत बनेंगे। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने से रिश्ते मजबूत बनेंगे।

# ईरान को सबक सिखाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपना रहे हैं ट्रंप

//नीरज कुमार दुबे //

**यह कदम ऐसे समय आया है जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी चरम पर होने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर उन सभी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की चेतावनी दी है जो ईरान के साथ किसी भी तरह का व्यापार जारी रखेंगे। आदेश में शुल्क की दर तय नहीं की गई है, पर उदाहरण के तौर पर पच्चीस प्रतिशत का जिक्र है। साफ कहा गया है कि जो भी देश सीधे या परोक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवा खरीदेगा, उस पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। ट्रंप ने अलग से बयान देते हुए दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए।**



यह कदम ऐसे समय आया है जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान में वार्ता को अच्छी शुरुआत बताया, लेकिन साथ ही कहा कि अविश्वास का माहौल गहरा है, खासकर इसलिए कि हाल ही में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ट्रंप ने भी वार्ता को बहुत अच्छी बताया, पर साथ में चेतावनी जोड़ी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो नतीजे बहुत सख्त होंगे। अमेरिका का कहना है कि वह केवल परमाणु कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, सशस्त्र समूहों को समर्थन और अपने नागरिकों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दे भी बातचीत में शामिल करना चाहता है। दूसरी ओर तेहरान का रुख साफ है कि चर्चा केवल परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का अधिकार मिलना चाहिए। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा।

हम आपको बता दें कि इस तनातनी की जड़ें पिछले एक दशक में लिए गए फैसलों में हैं। वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत ईरान को सीमित स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति थी और उस पर सख्त निगरानी थी। बदले में उस पर लगे कई प्रतिबंध हटाए गए थे। लेकिन ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2018 में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और कठोर प्रतिबंध फिर लगा दिए थे। तेल निर्यात, जहाजरानी और बैंक तंत्र पर पाबंदियों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी चोट दी। जवाब में ईरान ने समझौते की कई शर्तों से आगे बढ़ कर संवर्धन करना शुरू कर दिया।बीते वर्षों में हालात और बिगड़े। वर्ष 2020 में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी अमेरिकी हमले में मारे गए, जिससे टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। फिर संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबंध फिर लगाने की कोशिशें हुईं। वर्ष 2025 में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने कतर में एक अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइल दागी, हालांकि जान का नुकसान नहीं हुआ। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों के प्रयास से संयुक्त राष्ट के आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध फिर लागू हुए। अब ताजा कदम के तहत अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रो रसायन से जुड़े पंद्रह संस्थानों और कई जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ईरान को चेताया कि किसी भी हमले का जोरदार जवाब मिलेगा। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ तालमेल बहुत गहरा है, इसलिए अंतिम फैसला ट्रंप ही करेंगे। ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान बातचीत इसलिए कर रहा है क्योंकि वह अमेरिकी हमले से बचना चाहता है और अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा इलाके में आगे बढ़ रहा है। सवाल यह है कि क्या यह पूरी कवायद शांति की राह है या दबाव की राजनीति का नया दौर? ट्रंप का शुल्क हथियार दरअसल आर्थिक घेराबंदी का विस्तार है। संदेश साफ है कि जो ईरान से नाता रखेगा, वह अमेरिकी बाजार से हाथ धो सकता है। यह नीति कई देशों को कठिन दुविधा में डालेगी, खासकर वे देश जो ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरानी तेल पर निर्भर हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता पर सीधा असर पड़ेगा।सामरिक दृष्टि से यह रस्साकशी खतरनाक है। एक ओर बातचीत चल रही है, दूसरी ओर युद्ध की तैयारी जैसे संकेत दिए जा रहे हैं। बेड़े की तैनाती, मिसाइल की चर्चा और प्रतिबंधों की बौछार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां एक छोटी चिंगारी भी बड़े संघर्ष में बदल सकती है। ईरान भी झुकने के मूड़ में नहीं दिखता और वह बार बार अपने अधिकार की बात दोहरा रहा है। बहरहाल, हकीकत यह है कि न तो केवल दबाव से समाधान निकलेगा, न केवल बयान से। यदि दोनों पक्ष सच में टकराव टालना चाहते हैं तो उन्हें भरोसे की बहाली, चरणबद्ध रियायत और स्पष्ट लक्ष्यों की राह पकड़नी होगी। वरना शुल्क, प्रतिबंध और हमले का यह चक्र पूरे इलाके को अस्थिर कर देगा और इसका असर दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर दूर तक जाएगा। अभी भी समय है कि शक्ति प्रदर्शन की जगह समझदारी दिखाई जाए, नहीं तो आने वाले दिन और ज्यादा उथल पुथल लेकर आ सकते हैं।

# संसद की गरिमा को बचाने की ज़रूरत

//प्रो. संजय द्विवेदी //

**हाल ही में लोकसभा में हुए अभूतपूर्व हंगामे ने संसदीय मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है, जहाँ प्रधानमंत्री को भी सदन को संबोधित करने से रोका गया, जो नेहरू-वाजपेयी द्वारा स्थापित संवाद की परंपरा के क्षरण और लोकतंत्र के लिए एक निराशाजनक संकेत है। देश की संसद हमारे लोकतांत्रिक आचरण, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की शुचिता का केंद्र होनी चाहिए। जहां संवाद से संकटों के हल खोजे जाएं। लेकिन पिछले दो दिनों में लोकसभा में जो हुआ,वह बहुत निराशाजनक है। सदन के नेता प्रधानमंत्री ही अगर अपने सदन को संबोधित न कर सकें, इससे ज्यादा निराश करने वाली बात क्या हो सकती है। ये हुआ , सबने देखा। यह संसदीय मर्यादाओं के तार-तार होने का भी समय है। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को यह अपील करनी पड़ी कि प्रधानमंत्री लोकसभा में न आएं और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब न दें।**



लोकसभा अध्यक्ष ने किस तरह की आशंकाओं के कारण ऐसा कहा होगा, इसे समझा जा सकता है। इसके पहले सदन में हुए हंगामे, कागज फाड़कर आसंदी पर फेंकने जैसे दृश्य तो संसद ने अनेक बार देखे हैं। बावजूद इसके एक अभूतपूर्व दृश्य भी लोकसभा ने देखा जब लगभग सात महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक जा पहुंचीं। क्या हो सकता था, इसका अनुमान लगाना ठीक नहीं। किंतु बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने जो कुछ कहा वह बताता है, संसदीय मर्यादाओं की सीमाएं लांघते हुए हमारे सांसद दिखे। परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री देते हैं । इसकी न सिर्फ अपेक्षा रहती है बल्कि प्रतीक्षा भी आखिर सरकार के मुखिया क्या कहते हैं। स्थापित मान्यता यहां टूटती दिखी। प्रधानमंत्री लोकसभा को संबोधित नहीं कर सके। राज्यसभा में भी उनका भाषण विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ। संसदीय लोकतंत्र में विरोध और संवाद साथ -साथ चलते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में पहले दिन से बहस और संवाद की संस्कृति को संरक्षित किया। वे यह चाहते थे अच्छे लोग संसद में आएं और संसदीय बहसों का स्तर ऊंचा हो। अपने विरोधी सांसदों की भी वे प्रशंसा करते हुए नजर आते हैं।

दिग्गज सांसद राममनोहर लोहिया से लेकर युवा सांसद अटल बिहारी बाजपेई को भी उन्होंने ध्यान से सुना। यह परंपरा बाद के प्रधानमंत्रियों ने भी बनाए रखी। विपक्ष भी अपने आचरण में मर्यादित रहा। संसद हमारे लोकतांत्रिक स्वभाव का आईना बनी रही। आपातकाल लागू होने के बाद क्षरण जरूर हुआ किन्तु बाद के दिनों में सब कुछ संभल गया। नरसिंहराव, चंद्रशेखर, अटलजी स्वयं बड़े संसदविद् थे और सदन गरिमा के साथ चलता रहा। कड़ी आलोचना के साथ , संवाद कायम रहा। पिछले कुछ समय से संवाद बंद है और कटुता बहुत बढ़ गई है। संसद शब्द की हिंसा का केंद्र बन गयी है। अपने सहयोगी सांसद को गद्दार की संज्ञा देना जैसे उदाहरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह शुभ नहीं है। यह सही बात है कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन विपक्षी दलों के सहयोग के बिना सदन नहीं चल सकता यह भी सच है। सदन में मिले विशेषाधिकार का लाभ लेकर सांसदों द्वारा हमारे महान दिवंगत नेताओं को कोसना , उनके जीवन के निजी पक्षों को किताबों के संदर्भ देकर उठाना कितना उचित है? इसके साथ ही बिना तथ्यों के किसी अनछपी किताब के उदाहरण से सरकार को घेरने की कोशिश भी बचकानी ही है। बजट सत्र संसद का बहुत महत्व का सत्र होता है। जिसमें हम अपने देश के आगामी एक साल के सपनों, आकांक्षाओं, आर्थिक भविष्य का खाका खींचते हैं। ऐसे सत्र का समय नष्ट करके हमें क्या हासिल होगा, समझना मुश्किल है। मुद्दे की बात यह भी है कि क्या हमारे सांसद स्वस्थ बहस चाहते हैं। क्या क्षणिक राजनीतिक सुर्खियों के लिए हम समाज के वृहत्तर प्रश्नों की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं। दिवंगत नेताओं की चरित्रावली का वाचन करके हम कौन से मूल्य स्थापित कर रहे हैं। कभी नेता प्रतिपक्ष ने वीर सावरकर पर सवाल खड़े करके जो गलत परंपरा डाली , अब दूसरे सांसद बोरे में किताबें लाकर उनके अंश पढ़ रहे हैं। इससे हमें क्या हासिल होगा। नेहरू जी, श्रीमती इंदिरा गांधी, अटल जी इस देश के महान नेता रहे हैं, उनके देहावसान के बाद ऐसी गलीज बातें राजनीतिक कार्यकर्ताओं को नहीं करनी चाहिए। मृत्यु के बाद हम पुरखों के सद्गुण याद करते हैं। उनके प्रदेय और योगदान पर गर्व करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। किंतु हम किस रास्ते पर चल पड़े हैं। आजादी के इतने सालों बाद संसदीय बहस और संसदीय मर्यादाओं का स्तर ऊंचा करने के बजाय हम इसे रसातल में ले जा रहे हैं। कितना अच्छा होता कि हमारे सांसद यह समझ पाते कि देश की जनता ने उन्हें किन उम्मीदों से संसद में भेजा है। अगर सांसद ही तय लेंगे कि संसद नहीं चलेगी, तो उसे कौन चला सकता है। सांसद होना साधारण नहीं है, देश के 1 अरब, 40 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं के प्रतिनिधियों का आचरण प्रश्नचिन्ह की तरह हमारे सामने है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल ऐसे निराशाजनक दृश्यों से संसद को बचाने के लिए सोचेंगे। संसदीय राजनीति का यह पतन देखकर सबसे दुखी शायद पं.जवाहरलाल नेहरू और श्री अटल बिहारी वाजपेयी ही होते। दुर्भाग्यवश इन दोनों के राजनीतिक उत्तराधिकारी ही इन दृश्यों के लिए जिम्मेदार हैं। बाकी से क्या उम्मीद करना ?

## यूरोप का ट्रंप के आगे खड़ा होना महत्वपूर्ण

लग नहीं रहा था कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन के नेता डोनाल्ड ट्रंप से भिड़ेंगे। सोचें, ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और प्रधानमंत्री मोदी पर कितना खराब बोले हैं लेकिन ट्रंप को झूठा करार देने का भारत सरकार ने एक वाक्य नहीं बोला। ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर भी भारत का जवाबी टैरिफ नहीं है। फिर वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगुआ करवाने की ट्रंप की कार्रवाई से अलग दुनिया सहमी हुई थी। तभी ग्रीनलैंड को लेकर यूरोपीय नेता की हल्की आनाकानी हुई तो ट्रंप ने अपने अंहकार में फटाक ब्रिटेन, यूरोपीय संघ पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी।

और तब यूरोपीय नेता जैसे खड़े हुए तो सभी चौंके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी, जर्मनी के चासंलर शोल्ज़ से लेकर डेनमार्क, नार्वे, यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा सभी ने ट्रंप को दो टूक जवाब दिया। घोर ट्रंप समर्थक मेलोनी का वाक्य था कि 'ग्रीनलैंड कोई सौदे की वस्तु नहीं है। संप्रभुता पर बातचीत नहीं हो सकती'। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस से, फिर संसद में साफ कहा कि हम ग्रीनलैंड की संप्रभुता के समर्थक हैं और अमेरिका का ऐसे टैक्स लगाना पूरी तरह गलत है। फ्रांस के मैक्रों, यूरोपीय परिषद् के प्रमुख एंटोनियो कोस्टा और जर्मनी के शोल्ज़ (सर्वाधिक बेबाक) के वाक्य ज्यादा मुखर थे। जैसे हम किसी भी तरह की धमकी के आगे नहीं झुकेंगे- न यूक्रेन पर, न ग्रीनलैंड पर। नतीजतन सोशल मीडिया पर अमेरिकी झंडा पकड़े ट्रंप के ग्रीनलैंड की और बढ़ने वाले पोस्ट के बाद दावोस में ट्रंप का रंग बदला हुआ था। तभी उन्होंने दावोस में कहा कि सैनिक बल से ग्रीनलैंड नहीं कब्जाएंगे। फिर उन्होंने यूरोपीय देशों पर नए टैरिफ का फैसला भी वापिस लिया। मगर यूरोपीय देश इससे संतुष्ट नहीं हुए। यूरोपीय संघ की पूर्व निर्धारित आपातकालीन बैठक हुई। बैठक बाद कहा गया, यूरोपीय संघ अपनी रक्षा करेगा- अपने सदस्य देशों की, अपने नागरिकों की और अपनी कंपनियों की। डेनमार्क और ग्रीनलैंड को यूरोपीय संघ का पूर्ण समर्थन प्राप्त है, और उनके भविष्य से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने का अधिकार केवल उन्हीं के पास है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के उन सिद्धांतों के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो यूरोप के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अनिवार्य हैं। ये वाक्य मामूली नहीं हैं। इसलिए क्योंकि ट्रंप अपनी सनक में दूसरे महायुद्ध के बाद बनी विश्व व्यवस्था को बदल, जिसकी लाठी उसकी भैंस की व्यवस्था बनवा रहे हैं। ऐसा होना खतरनाक है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुआलालंपुर, मलेशिया में पेरडाना पुत्र बिल्डिंग में औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर मिला।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलेशिया के कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ भारत और मलेशिया के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में हिस्सा लिया।



पीएम और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मलेशिया के कुआलालंपुर में भारत और मलेशिया के बीच समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान को देखा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के कुआलालंपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज़ाकिर हुसैन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के पुत्रजया में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान सेरी परदाना में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की।




रायपुर में एंटी-नक्सल रणनीति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारी।

# दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा..., 9 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर बम स्क्वॉड की टीम



**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित 9 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी भरी कॉल्स सुबह करीब 8.30 से 9.00 बजे के बीच आई, जिसके बाद स्कूल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना मिलते ही संबंधित स्कूलों ने बिना देरी किए दिल्ली पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू की गई।

धमकी को गंभीरता से लेते हुए कई स्कूलों में छात्रों को क्लासरूम से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कुछ स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई, जबकि अभिभावकों को भी तुरंत सूचित किया गया। प्राथमिक जांच में अब तक किसी भी स्कूल परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, पुलिस इसे फर्जी कॉल मानकर हल्के में नहीं ले रही और हर एंगल से जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, धमकी भरी कॉल्स के सोर्स और कॉलर की लोकेशन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। साइबर यूनिट और टेक्निकल टीम्स को भी जांच में शामिल किया गया है। इससे पहले भी दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में स्कूलों और सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियां मिल चुकी हैं, जिनका मकसद दहशत फैलाना पाया गया। दिल्ली पुलिस ने अभिभावकों और आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, सभी प्रभावित स्कूलों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है।

## बच्चे की मौत पर पथराव, 51 नामजद और 70 अज्ञात पर केस

**हाथरस।** मुरसान में बच्चे की मृत्यु के बाद हुए बवाल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 51 लोगों को चिह्नित किया है और उनके खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत कर लिया है। इसके अलावा 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस की दबिश जारी है और तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी उपद्रवी कस्बे से फरार हैं। पुलिस की सख्ती के बाद इलाके में शांति है। वहीं, हादसे में गिरफ्तार किए गए कार चालक और उसके साथी को मेडिकल के बाद जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने बताया कि गाड़ी चालक सहित दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है और वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया है। रविवार दोपहर मुरसान कस्बे में एक तेज रफ्तार कार ने तीन साल के बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया और मुरसान थाने पर पथराव किया।

# परीक्षा पे चर्चा 2026: तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के छात्रों से पीएम का संवाद, दिए नेतृत्व के गुरुमंत्र



**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे सत्र में तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के छात्रों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के साथ पढ़ाई, समय प्रबंधन और परीक्षा की तैयारी से लेकर नेतृत्व और करियर निर्माण तक कई महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। छात्रों को उत्साहित करते हुए पीएम ने उन्हें चुनौतियों का सामना करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इतना ही नहीं उन्होंने छात्रों को नेतृत्व के लिए खास गुरुमंत्र भी दिए। नेतृत्वकर्ता कैसे बने इस बात को छात्रों को समझाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि खुद को प्रौद्योगिकी का गुलाम न बनने दें। कितनी भी प्रेरणा हो, अनुशासन के बिना उसका कोई फायदा नहीं होगा। नेतृत्व का पहला और सबसे महत्वपूर्ण गुण यह है कि आप अपने विचारों को कम से कम 10 लोगों तक स्पष्ट रूप से पहुंचा सकें।

## *पीएम के लिए खुरमी-ठेठरी लेकर पहुंचे थे सीजी स्टूडेंट*

*वहीं आज जारी वीडियो को नवा रायपुर में शूट किया गया है, बीते दिनों पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर आये थे, नवा रायपुर में डीजी /आईजी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान पीएम मोदी ने होनहार बच्चों के साथ परीक्षा पे चर्चा की थी। पीएम मोदी के लिए छत्तीसगढ़ व्यंजन लेकर एक स्टूडेंट्स पहुंचे थे। मोदी ने बड़े आत्मीय भाव से सभी को अपने हाथों से खिलाए।*

# तंबाकू कारोबारी के बेटे ने लेम्बोर्गिनी कार से चार से ज्यादा लोगों को टक्कर मारी, बाउंसरों की अभद्रता

**कानपुर, 09 फरवरी [एजेंसी]।**



कानपुर में तंबाकू कारोबारी के बेटे ने लेम्बोर्गिनी कार से 6 से अधिक लोगों को टक्कर मार दी। एक बुलेट सवार को टक्कर मारी तो वह हवा में उछलकर 10 फीट दूर जा गिरा। इसके बाद लेम्बोर्गिनी बुलेट के ऊपर ही चढ़ गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कार को घेर लिया। भीड़ को देखकर कारोबारी का बेटा कार के अंदर ही दुबक गया। उसके बाउंसरों ने लोगों के साथ हंगामा किया। धक्का देकर लोगों को भगाने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची और कार को थाने ले आई। थाने में भी पीड़ितों से कारोबारी के बाउंसरों ने अभद्रता की। इसके बाद लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। वहीं, कारोबारी के बेटे और अन्य घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला ग्वाल टोली थाना क्षेत्र का है। केके मिश्रा तंबाकू कारोबारी हैं। दोपहर करीब 3.15 बजे उनका बेटा शिवम मिश्रा VIP रोड पर अपनी लेम्बोर्गिनी कार से तेज रफ्तार जा रहा था। रेव-3 के पास कार बेकाबू हो गई। कार ने सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों समेत 6 से अधिक लोगों को टक्कर मार दी। एक बुलेट सवार को इतनी तेज टक्कर मारी कि वह सड़क पर उछलकर जा गिरा। इसके बाद कार बुलेट के आगे वाले पहिए पर चढ़ गई। इसका पता चलते ही ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची। कारोबारी के बेटे को भीड़ से सुरक्षित निकाला। साथ ही घायलों और उद्योगपति के बेटे को अस्पताल ले गई। पुलिस गाड़ी को थाने लेकर पहुंची। इस दौरान भीड़ भी थाने पहुंच गई। रसूखदार और बड़े परिवार का मामला होने के चलते कार को थाने के भीतर सुरक्षित रखा गया। इस दौरान उद्योगपति के बाउंसर ने वहां मौजूद लोगों से अभद्रता की। इस पर भीड़ ने हंगामा कर दिया।

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे के जन्मदिन पर अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**मुंबई, 09 फरवरी [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित कई दिग्गज नेताओं ने बधाई दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रदेश के विकास और जनकल्याण की दिशा में आप निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। गणपति बाप्पा आपको उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, मैं भगवान से आपके स्वस्थ और लंबी उम्र की कामना करता हूं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शुभकामनाएं देते हुए कहा, एक सरल स्वभाव के व्यक्ति जो अपनी विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और महाराष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाने में लगातार सफलता की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने पोस्ट में लिखा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान सिद्धि विनायक जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और सुयशपूर्ण जीवन की कामना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए लिखा, आप अपने राज्य और वहां के नागरिकों की भलाई के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य करते रहें और सदैव स्वस्थ व खुशहाल रहें, मेरी ऐसी मंगलकामना है।

# तमिलनाडु के नामक्कल में पोल्ट्री फार्मों में हाई अलर्ट, बर्ड फ्लू के बाद बायोसिक्योरिटी सख्त

**चेन्नई, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

तमिलनाडु सरकार द्वारा राज्य के कुछ हिस्सों में एवियन इन्फ्लूएंजा के मामले सामने आने और असामान्य रूप से पक्षियों की मौत की रिपोर्ट के बाद जारी की गई राज्यव्यापी एडवायजरी के बाद नमक्कल जिले के पोल्ट्री फार्मों ने बायोसिक्योरिटी और साफ-सफाई के उपायों को मजबूत किया है। हालांकि, नमक्कल में अब तक कोई आउटब्रेक नहीं पाया गया है, लेकिन किसान और अधिकारी जिले के पोल्ट्री सेक्टर को सुरक्षित रखने के लिए पहले से ही कदम उठा रहे हैं। यह सेक्टर भारत के सबसे बड़े अंडे उत्पादन और निर्यात केंद्रों में से एक है। अधिकारियों ने कहा कि यह निगरानी इस बात को पक्का करने के लिए है कि यह बहुत ज्यादा फैलने वाला वायरस इस अच्छी तरह से मैनेज किए गए फार्म इकोसिस्टम में किसी भी तरह से दाखिल न हो पाए। नमक्कल में काम के बड़े पैमाने और लोगों, गाड़ियों और सामान की लगातार आवाजाही को देखते हुए, छोटी सी भी लापरवाही खतरा पैदा कर सकती है। नतीजतन, जोखिम को कम करने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में साफ-सफाई अभियान तेज किए गए हैं और फार्म में एंट्री पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, निगरानी सिस्टम को और सख्त कर दिया गया है। फार्म के अंदर सिर्फ जरूरी लोगों को ही जाने की इजाजत है और नए विजिटर्स पर रोक लगा दी गई है। फार्म में आने वाली गाड़ियों को अच्छी तरह से डिसइंफेक्ट किया जा रहा है और सभी काम वेटनरी कॉलेज और पशुपालन विभाग द्वारा बताए गए प्रोटोकॉल के तहत किए जा रहे हैं।

## फ्रांस तक पहुंची एपस्टीन फाइल विवाद की आग, पूर्व संस्कृति मंत्री का इस्तीफा

पेरिस। एपस्टीन फाइल्स में हुए खुलासों ने पूरी दुनिया में खलबली मचाई हुई है। अब इस विवाद की चपेट में फ्रांस के पूर्व संस्कृति मंत्री जैक लैंग भी आ गए हैं। दरअसल एपस्टीन से जुड़े टैक्स धोखाधड़ी मामले में जैक लैंग का नाम सामने आया, जिसके बाद उन्होंने फ्रांस के एक सांस्कृतिक सेंटर के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है।

## बस में लगी आग, हेल्पर जिंदा जला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के विकासपुरी इलाके में रविवार देर रात एक बस में आग लगने से बस कंडक्टर की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान 25 साल के सुनील के रूप में की है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, सुनील रात को बस के अंदर सो रहा था और उसने मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जलाई थी। बीती रात 12.35 बजे आग की सूचना दमकल विभाग को मिली थी। दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पहुंचकर आग को बुझाया। आशंका है कि आग अगरबत्ती की वजह से लगी होगी। पुलिस के मुताबिक, बस का रजिस्ट्रेशन नंबर हरियाणा का था और यह एक प्राइवेट बस थी जिसे 28 दिन पहले ही सर्विस में लाया गया था।

## लेबनान में जर्जर इमारत ढहने से 5 लोगों की मौत, मलबे में अभी भी दबे हैं लोग



**नई दिल्ली।** उत्तरी लेबनान के त्रिपोली में हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। यहां एक पुरानी जर्जर इमारत अचानक गिर गई। जिससे वहां रह रहे लोग उसकी चपेट में आ गए। हफ्ते भर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव दल बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। त्रिपोली के बाब अल-तब्बानेह इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग के गिरने की खबर दी थी, जो इस गरीब शहर का सबसे गरीब इलाका है। एजेंसी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने और बिल्डिंग गिरने के डर से आस-पास की इमारतों को खाली करा लिया है।अब तक आठ लोगों को बचाया गया है, जबकि पांच शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक बच्चा और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। सिविल डिफेंस प्रमुख इमाद ख्रीश ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बिल्डिंग में दो ब्लॉक थे, जिनमें से हर एक में छह अपार्टमेंट थे।राष्ट्रपति जोसेफ औन के कार्यालय के एक बयान में कहा गया, %सेवाओं से रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद करने और बिल्डिंग के निवासियों और एहतियात के तौर पर खाली कराई गई पड़ोसी इमारतों के लोगों को आश्रय देने के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है।

# आकाश का बच्चा, फंसाया जा रहा हमको, लालू के लाल तेजप्रताप यादव ने कहा- कोर्ट जाऊंगा



**पटना।** बिहार में अनुष्का यादव और लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दावा किया जा रहा है कि अनुष्का यादव तेजप्रताप के बच्चे की मां बनने वाली हैं। इन दावों को तेजप्रताप ने सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह संजय यादव, मुकेश रोशन और इन सभी जयचंदों की मिलीभगत से उन्हें बदनाम करने की साज़िश है, जिससे वो डिप्रशन में हैं। उन्होंने एक नया खुलासा करते हुए कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि आकाश भाटी कौन है, जिसका उस लड़की से रिश्ता है। यह जांच तो होना चाहिए कि उस लड़की का उससे किस तरह का रिश्ता है। यह आकाश भाटी बताएगा, जो गोला रोड में रहता है। तेजप्रताप ने दावा किया कि अनुष्का के पेट में आकाश का बच्चा है और हमें बदनाम किया जा रहा है। उनकी नजर हमारी संपत्ति पर है। इसलिए षडयंत्र रचकर हमें फंसाया जा रहा है। हमें पहले परिवार और पार्टी से अलग किया। अब हम अलग काम कर रहें हैं, फिर भी बदनाम किया जा रहा है। इससे हम परेशान हो चुके हैं। अब वह इस मामले को कोर्ट लेकर जाएंगे। तेजप्रताप ने आरोप लगाया कि संजय यादव, मुकेश रोशन, शक्ति सिंह और सुनील सिंह सभी जयचंद हैं, यह सब उनका खेल है, हमारे खिलाफ साज़िश रचने का। हमारी लोकप्रियता को देखते हुए, हमारे ऊपर कीचड़ उछाला जा रहा है। तेजप्रताप का राष्ट्रीय जनता दल और लालू परिवार से निकालने की वजह अनुष्का यादव ही थीं।

तेजप्रताप के सोशल मीडिया हैंडल से एक फोटो पोस्ट हुई थी, जिसमें उन्होंने अपने प्रेम संबंध के बारे में खुलासा किया था। हालांकि कुछ ही घंटों बाद उस तस्वीर को डिलीट कर दिया गया और तेज प्रताप ने कहा कि उनका अकाउंट हैक कर लिया गया था।लालू यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर लिखा था कि तेजप्रताप की गतिविधि, लोक आचरण और ग़ैर ज़िम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। इसके बाद उन्हें पार्टी और परिवार दोनों से बाहर कर दिया गया था। लालू यादव ने लिखा था, तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर कार ने 7 लोगों को रौंदा 4 लड़कियों की मौत, तीन की हालत गंभीर

**रायबरेली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**



गंगा एक्सप्रेस-वे पर सुलतानपुर जनौली के पास रविवार की रात पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पैदल जा रहे सात लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक किशोरी समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

जानकारी होते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुंचे। काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और जगतपुर-डलमऊ रोड पर जाम लग गया।जगतपुर के कोडर निवासी रिया पटेल, प्रिया पटेल, हिमांशी, शालिनी, रश्मि, साधना व महिला आसमा चूली गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने गई थी। वहां से सभी लोग पैदल लौट रही थी। सुलतानपुर जनौली के पास गंगा एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में हिमांशी व शालिनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को जगतपुर सीएचसी व जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान आसमा व रश्मि ने भी दम तोड़ दिया। शेष तीनों का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना की सूचना पर करीब आधे घंटे बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन एंबुलेंस का दरवाजा करीब आधे घंटे तक नहीं खुला। ये देख लोगों का गुस्सा भड़क उठा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाकर शांत कराया। घायलों के परिवारजन का कहना है कि आपातकाल में काम आने वाली एंबुलेंस का इस तरह बदहाल होना जिम्मेदारों की अनदेखी बयां करता है।बताया जा रहा है कि लक्ष्मणपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण जगतपुर-डलमऊ मार्ग पर जाम लग गया। करीब दो किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। जिसके कारण घटना स्थल से सीएचसी तक दूसरी एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी तो घायलों को अन्य वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान जाम खुलवाने को लेकर पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सीओ डलमऊ गिरजाशंकर त्रिपाठी का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।

## नगर परिषद चुनाव से पहले लोहरदगा कांग्रेस में घमासान, 2 बड़े नेताओं को किया गया संस्पेंड



**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव को लेकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। पार्टी अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में जिला कांग्रेस कमेटी ने दो नेताओं विशाल डुंगडुंग और सतीश रंजन उरांव को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत द्वारा आठ फरवरी 2026 को पत्र जारी किया गया है। जिला अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र के अनुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दो फरवरी 2026 को निर्देश दिया था कि नगर निगम में मेयर पद एवं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों का चयन जिला राजनीतिक मामलों की समिति की सर्वसम्मति से किया जाएगा।

# मिलूंगा तो मैं पूछूंगा कि..., सावरकर को भारत रत्न देने की मांग पर क्या बोले मोहन भागवत?

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अगर वी.डी. सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है तो इस अवॉर्ड की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर लाखों दिलों पर राज करते हैं। संघ यात्रा के 100 साल पर हो रहे कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने सावरकर को भारत रत्न देने में हो रही देरी पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा, मैं उस कमेटी में नहीं हूं, लेकिन अगर मैं किसी ऐसे व्यक्ति से मिलूंगा जो उसमें है तो मैं उनसे पूछूंगा। अगर स्वतंत्र वीर सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है तो भारत रत्न की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उस प्रतिष्ठा के बिना भी, वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। कई बार मांग किए जाने के बावजूद सावरकर को भारत रत्न देने के बारे में कोई बात नहीं हुई है। इनमें से कई मांगें आरएसएस की तरफ से की गईं। हालांकि, भाजपा ने महाराष्ट्र में 2019 के राज्य चुनावों से पहले सावरकर को भारत रत्न देने का वादा किया था, लेकिन सरकार की तरफ से इस बारे में कोई औपचारिक बयान नहीं आया है।कांग्रेस इस विचार के सख्त खिलाफ है। इस मामले पर पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, सावरकर की क्या उपलब्धि थी। कि उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत दिया। कि उन्होंने ही भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के लिए काम किया। इस अवॉर्ड के लिए पहला औपचारिक प्रस्ताव दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के दौरान उठाया गया था। तो वहीं, 2015 में शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा था कि अब समय आ गया है कि एनडीए सरकार सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित करे और पिछली सरकारों की गलतियों को सुधारे, जिन्होंने उनके कट्टर हिंदुत्व विचारों के कारण जानबूझकर उनकी उपेक्षा की थी।

# शरद और सुप्रिया की आतुरता के बीच सुनेत्रा ने साधी चुप्पी

## अधर में लटका एनसीपी विलय का मामला

**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**



अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन के बाद एनसीसी के विलय का मामला फिलहाल अधर में लटक गया है। नई परिस्थितियों में शरद पवार परिवार में विलय के लिए जरूरत आतुरता दिख रही है, मगर अजित परिवार में डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार समेत अन्य सदस्यों ने चुप्पी साध ली है। पहले विलय पर सहमत दिख रही भाजपा नई परिस्थितियों में जल्दबाजी में नहीं है तो एनसीपी में परिवार के इतर बिग फोर मसलन प्रफुल्ल पटेल, धनंजन मुंडे, छगन भुजबल और सुनील तटकरे विलय के विरोध में हैं।

गौरतलब है कि निधन से पहले अजित ने एनसीपी विलय का रोडमैप करीब-करीब तैयार कर लिया था। इस रोडमैप के मुताबिक एनसीपी (शरद) के मुखिया को राज्यसभा का एक और कार्यकाल दिया जाना था, जबकि सुप्रिया सुले को मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना था। संयुक्त पार्टी की कमान दिवंगत अजित पवार को संभालनी थी, जबकि शरद पार्टी में मुख्य सलाहकार की भूमिका में आने वाले थे।विलय के संदर्भ में बिग फोर में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने सवाल किया कि इसकी जरूरत क्या है। इससे एनसीपी को क्या मिलने वाला है। उनका कहना था कि अजित के रहते परिस्थिति दूसरी थी। उन्हें ही विलय के बाद संयुक्त पार्टी की कमान संभालनी थी। अब चूंकि अजित नहीं हैं, ऐसे में इस विलय का एनसीपी को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

सूत्रों का कहना है कि बिना देरी किए डिप्टी सीएम का पद संभालने के बाद सुनेत्रा की योजना अब जल्द ही एनसीपी के संगठन की कमान भी हासिल करने की है।पहले विलय हो जाने की स्थिति में भले ही सुप्रिया सुले केंद्रीय मंत्री बन जाती, मगर शरद के सलाहकार की भूमिका में आने से संगठन की कमान दिवंगत अजीत के पास होती। अब नई परिस्थिति में भले ही दिवंगत अजीत की पत्नी सुनेत्रा डिप्टी सीएम बन गई हैं, मगर संगठन का झुकाव शरद और सुप्रिया की ओर हो जाने का खतरा था। फिर अजीते के न रहने से विलय के बाद सबसे अधिक समस्या बिग फोर के लिए होती। इनके लिए नई परिस्थितियों से तालमेल बैठाना आसान नहीं होता। नई परिस्थिति में भाजपा विलय के मामले में इंतजार करना चाहती है। दरअसल केंद्र में नायडू-नीतीश ने अब तक मोदी सरकार के लिए कोई अड़चन पैदा नहीं की है। यह ठीक है कि विलय के बाद केंद्र में समर्थन के लिए भाजपा को अतिरिक्त 8 सांसद मिल जाएंगे, मगर आशंका इस बात की भी है कि संगठन की कमान अगर शरद परिवार के पास गई तो उसके साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो सकता है।

# अच्छी तस्वीरें खींचना चाहते हैं तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



मेरे करियर में मेरा धर्म कभी बाधा नहीं बना : जोया अफरोज

अभिनेत्री जोया आफरोज इन दिनों वेब सीरीज तस्करी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि इंडस्ट्री धर्म को लेकर कभी भेदभाव नहीं करती है।अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म गांधी टॉक्स की स्क्रीनिंग में शिरकत की थी। इस साइलेंट फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए. आर. रहमान ने दिया है। स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेत्री ने

उन्होंने ए. आर. रहमान के कम्युनल वाले बयान को सिरे से नकारते हुए कहा कि उनके धर्म के होने के बावजूद अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में अब तक धर्म के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव झेलना नहीं पड़ा। जोया ने कहा, मेरा पर्सनल अनुभव अब तक ऐसा नहीं रहा है, और मुझे उम्मीद है कि आगे भी ऐसा नहीं होगा।

हमारे देश में हम एकता और विविधता का जश्न मनाते हैं। मुझे लगता है कि हमें यही भावना हमेशा बनाए रखनी चाहिए। जोया ने आगे फिल्मों की सामाजिक जिम्मेदारी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, फिल्में समाज का आईना होती हैं; वे जिंदगी को वैसा ही दिखाती हैं, जैसा है। अगर कोई फिल्म बच्चों के लिए नहीं है, तो उन्हें नहीं दिखानी चाहिए।

इसीलिए सर्टिफिकेशन सिस्टम है। मुझे लगता है कि इसे ऐसे ही रखना चाहिए। गांधी टॉक्स की बात करें तो यह फिल्म गांधी जी की तस्वीर को नोटों पर देखने और उनके आदर्शों के बीच के फर्क की कहानी को दिखाती है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा व्यक्ति के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो पैसों के लिए संघर्ष करता है।

उसकी जिंदगी में एक चोर की एंट्री होती है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। फिल्म व्यंग्य के जरिए समाज और मूल्यों पर सवाल उठाती है। किशोर बेलेकर द्वारा निर्देशित फिल्म में अदिति राव हैदरी, विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे अनुभवी कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

## ओटीटी पर रिलीज हुई कार्तिक-अनन्या की तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे स्टारर रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी पिछले साल सिनेमाघरों में क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई थी. इस फिल्म से यूं तो बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाने की उम्मीद थी लेकिन धुरंधर के तूफान के आगे ये टिक नहीं पाई और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. हालांकि फैंस कार्तिक की इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे तो ये रोमांटिक ड्रामा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ गई है. चलिए यहां जानते हैं तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी को ओटीटी पर कहां देख सकते हैं ?

तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी फाइनली ओटीटी पर आ गई है. यह फिल्म क्रिसमस 2025 वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी. बहुत से लोग इसे घर पर देखने का इंतज़ार कर रहे थे, और अब यह आखिरकार आ गई है. यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है, लेकिन अभी यह सिर्फ़ रेंट पर अवेलेबल है, अगर लोग इसे अभी देखना चाहते हैं, तो उन्हें 349 रुपये देने होंगे.

प्राइम वीडियो आमतौर पर शुरुआत में फिल्में रेंट पर अवेलेबल कराता है औरकुछ समय बाद, आमतौर पर शुरुआती डिजिटल रेवेन्यू फेज खत्म होने के बाद, उन्हें सब्सक्राइबर के लिए अपनी फ्री स्ट्रीमिंग लाइब्रेरी में जोड़ देता है.

तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की बॉक्स ऑफिस कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने भारत में 32.95 करोड़ की नेट कमाई की थी जबकि इसकी ग्रॉस कमाई 39.35 करोड़ रही थी. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 49.5 करोड़ का कलेक्शन किया था. इस फिल्म का बजट 90 करोड़ रुपये बताया गया था और ये बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी. यह फ़िल्म लॉस एंजिल्स में रहने वाले एक बहुत सफल वेडिंग प्लानर रेहान रे मेहरा (कार्तिक आर्यन स्टारर) की कहानी बताती है. उसे अपना काम और अपनी शानदार ज़िंदगी बहुत पसंद है. उसकी सिंगल मां ने उसे पाला-पोसा और उसे आत्मनिर्भर बनना सिखाया. इसी वजह से रे को इमोशनल चीज़ें पसंद नहीं हैं. वह कैजुअल रिलेशनशिप और आज के ज़माने के ऐसे प्यार में विश्वास करता है जिसमें कोई दिक्कत न हो. वह कमिटमेंट नहीं चाहता और ज़िंदगी को सिंपल रखना पसंद करता है, सब कुछ तब बदल जाता है जब रे क्रोएशिया में एक लग्ज़री यॉट क्रूज़ पर जाता है. वहाँ उसकी मुलाकात रूमी वर्धन से होती है.



अच्छी तस्वीरें खींचना एक कला है। इसके लिए सिर्फ महंगे कैमरा या मोबाइल फोन का होना जरूरी नहीं है, बल्कि सही तरीके और नजरिया भी अहम होते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी तस्वीरों को और भी बेहतर बना सकते हैं। सही रोशनी, फ्रेमिंग, और कैमरा सेटिंग्स के साथ-साथ अभ्यास भी जरूरी है। इन सुझावों को अपनाकर आप अपनी फोटोग्राफी कौशल को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं।

प्राकृतिक रोशनी का करें उपयोग

अधिकतर फोटोग्राफर मानते हैं कि प्राकृतिक रोशनी सबसे अच्छी होती है। सुबह और शाम की धूप में तस्वीरें खींचना सबसे अच्छा होता है क्योंकि इससे तस्वीरों में एक खास निखार आता है। दिन के समय की तेज रोशनी से बचें और कोशिश करें कि आपकी तस्वीरें प्राकृतिक वातावरण में ही खींची जाएं। इससे आपकी तस्वीरों में एक अलग ही चमक आएगी और वे और भी सुंदर दिखेंगी।

सही फ्रेमिंग का ध्यान रखें

तस्वीरों की फ्रेमिंग बहुत अहम होती है। हमेशा ध्यान रखें कि आपका विषय बीच में हो और उसके चारों ओर पर्याप्त जगह हो।

इसके अलावा बैकग्राउंड को भी साफ और अनावश्यक वस्तुओं से मुक्त रखें ताकि ध्यान सिर्फ आपके विषय पर ही जाए। अगर आप किसी व्यक्ति की फोटो ले रहे हैं तो उसके आस-पास की चीजें कम से कम हों। इससे आपकी तस्वीरें ज्यादा आकर्षक और पेशेवर दिखेंगी।

कैमरा सेटिंग्स को समझें

अगर आप अपने कैमरे या मोबाइल फोन की सेटिंग्स को अच्छी तरह से समझते हैं तो आप बेहतरीन तस्वीरें ले सकते हैं। आईएसओ, शटर स्पीड, और अपर्चर जैसे शब्द आपको भले ही कठिन लगें, लेकिन इनका सही उपयोग आपकी फोटोग्राफी को नया मोड़ दे सकता है। कोशिश करें कि आप मैनुअल मोड में फोटो खींचें ताकि आपको हर सेटिंग का पूरा ज्ञान हो सके। इससे आप अपनी तस्वीरों को और भी बेहतर बना सकते हैं।

तस्वीरें लेते समय हमेशा अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करें। चाहे वह कोई व्यक्ति हो, प्रकृति की सुंदरता हो या कोई वस्तु हो, उसे पूरी तरह से कैद करने की कोशिश करें। अगर आप किसी व्यक्ति की फोटो ले रहे हों तो उसके भाव पर ध्यान दें और प्रकृति की तस्वीरें लेते समय उसके रंगों और आकृतियों पर ध्यान दें। इससे आपकी तस्वीरें और भी आकर्षक और पेशेवर दिखेंगी।

नियमित अभ्यास करें

फोटोग्राफी एक ऐसी कला है, जिसमें नियमित अभ्यास बहुत जरूरी होता है। जितना ज्यादा आप फोटो खींचेंगे, उतना ही बेहतर आप बनेंगे। अलग-अलग परिस्थितियों में फोटो खींचने की कोशिश करें ताकि आपको हर स्थिति का अनुभव हो सके और आप हर परिस्थिति में अच्छा काम कर सकें। इन



सरल लेकिन प्रभावी सुझावों को अपनाकर आप अपनी फोटोग्राफी कौशल को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं और अपनी तस्वीरों में नया जीवन ला सकते हैं।

## सात साल बाद अभिनय की दुनिया में रिया चक्रवर्ती की वापसी, वीडियो शेयर कर जाहिर की खुशी



अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जल्द ही वेब सीरीज फैमिली बिजनेस के जरिए अभिनय की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी खुशी और भावनाओं को जाहिर किया। इस वीडियो में रिया काफी भावुक नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि सेट पर जाने के लिए उन्हें 7 साल हो गए हैं, लेकिन उनके अंदर का जुनून आज भी वैसा ही है।

रिया ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, सेट पर गए हुए मुझे 7 साल हो गए हैं, लेकिन मैं आज भी वही लड़की हूं, जो 17 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरे अंदर का एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुककर इंतजार करता रहा और अब मैं फिर से यहां हूं—अपनी जिंदगी के चैप्टर 2 में।

रिया ने आगे कहा, सच ही कहा गया है कि जिंदगी वही होती है जो तब घटती है जब हम कुछ और योजनाएं बना रहे होते हैं।रिया के फैंस उनकी इस वापसी से काफी खुश नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। रिया ने कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में अभिनेत्री ने कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है।

उन्होंने 2009 में एमटीवी के रियलिटी शो टीन दीवा से की थी, जिसके बाद वह एक लोकप्रिय वीजे बनीं। उन्होंने 2012 में तेलुगु फिल्म तुनीगा तुनीगा से एक्टिंग की शुरुआत की और 2013 में मेरे डैड की मारुति से बॉलीवुड में कदम रखा। अब वे नेटफ्लिक्स की सीरीज फैमिली बिजनेस से 7 साल के ब्रेक के बाद वापसी कर रही हैं।

यह सीरीज सत्ता, खून के रिश्तों और विश्वासघात के इर्द-गिर्द घूमती एक हाई-वोल्टेज कॉर्पोरेट ड्रामा है। ऐसा पहली बार अनिल कपूर और विजय वर्मा स्क्रीन में साथ में नजर आएंगे। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज में रिया के अलावा, अनिल, विजय, आकाश खुराना, रिया चक्रवर्ती, नेहा धूपिया, अनंत नाग, कंवलजीत सिंह, ध्रुव सहगल, नंदिश संधू, टीना देसाई, और रायमा सेन समेत कई दमदार कलाकार नजर आएंगे।

## बिना टॉप को टक किए इन तरीकों से स्टाइल करें फ्लेयर्ड जींस, कमर लगेगी पतली

फ्लेयर्ड जींस फैशन की दुनिया में हमेशा से ही लोकप्रिय रही हैं। ये जींस हाई वेस्ट होती हैं, ऊपर से टाइट होती हैं और इनके पैर चौड़े होते हैं। आम तौर पर इनको स्टाइल करते समय महिलाएं टॉप को जींस में टक करना ही पसंद करती हैं। ऐसा न करने पर कद छोटा लगता है और फिगर अच्छा नहीं दिखता है। हालांकि, अगर आप ऐसा नहीं करना चाहतीं तो फ्लेयर जींस को स्टाइल करने के अलग फैशन टिप्स जानिए।

पेपलम टॉप चुनें

पेपलम ऐसे टॉप होते हैं, जो कमर के पास से कसे हुए होते हैं। इस तरह के टॉप ऊपर से तो सामान्य टॉप जैसे लगते हैं। हालांकि, इनका निचला हिस्सा कमर के पास से टाइट होता है। इससे कमर कसती है और एक सिलवेट बन जाती है, जिससे आप पतली और लंबी दिखाई दे सकती हैं। आप किसी भी डिजाइन या रंग वाला पेप्लम टॉप चुन सकती हैं। इसे आपको फ्लेयर्ड जींस में टक नहीं करना पड़ेगा।

कमर से कसी हुई शर्ट पहनें

अगर आप फ्लेयर्ड जींस के साथ शर्ट पहनने की सोच रही हैं तो थोड़ा बदलाव करके देखें। साधारण-सी शर्ट को पिन की मदद से थोड़ा टाइट कर लें या आगे की तरह से थोड़ा डिजाइनर बना लें। इससे आपकी कमर की ओर ध्यान आकर्षित होगा और आप सुंदर लगेंगी। अगर आप अपनी शर्ट में पिन नहीं लगाना चाहती हैं तो टाइट फिटिंग वाली क्रॉप शर्ट खरीद लें। इसके अलावा कॉर्सेट वाली शर्ट भी इस जींस के साथ अच्छी लगेगी।

क्रॉप टॉप का चुनाव करें

फ्लेयर्ड जींस के ऊपर साधारण फिटिंग वाली टी-शर्ट थोड़ी कम आकर्षक लग सकती हैं। इनके बजाय आपको एक सुंदर-सा क्रॉप टॉप चुनना चाहिए, जो कमर तक आता हो। इसकी जगह पर आप बेबी टी भी चुन सकती हैं, जिसमें थोड़ा पेट नजर आता है और पतली कमर का भ्रम पैदा होता है। इस तरह का आउटफिट रोजमर्रा के लुक के लिए शानदार रहेगा और आपको स्टाइलिश भी दिखाएगा। इसे आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं।

बेल्ट का इस्तेमाल करें

अगर आप चाहती हैं कि आपकी फ्लेयर्ड जींस में कमर का आकार अच्छा दिखे तो बेल्ट का इस्तेमाल करें। एक पतली बेल्ट आपकी कमर को निखार सकती है और आपके लुक को खास बना सकती है। बेल्ट के साथ आप अपनी फ्लेयर्ड जींस को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं।

इसके अलावा बेल्ट पहनने से आपके पूरे पहनावे में एक अलग ही आकर्षण जुड़ सकता है। यह एक शानदार एक्सेसरी की तरह काम करेगी।



## शब्द सामर्थ्य -310

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | 3 | | |
| | | | | 4 | 5 | | | |
| 6 | 7 | | 8 | | | | | 9 |
| | 10 | | | | 11 | 12 | 13 | |
| | 14 | | | 15 | | | | |
| 16 | | | | | | | | |
| 17 | | | 18 | | | 19 | | |
| | | | | | 20 | | | 21 |
| 22 | | | | | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 309 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल्ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## ओ रोमियो का नया गाना पान की दुकान हुआ रिलीज

शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो रिलीज होने से पहले काफी ज्यादा विवादों का सामना कर रही है. इस बीच, फिल्म का नया गाना पान की दुकान रिलीज कर दिया गया है. फैंस को शाहिद का ये गाना काफी पसंद आ रहा है. अभिनेता शाहिद कपूर ने मुंबई में एक इवेंट के दौरान नया गाना पान की दुकान रिलीज किया है. सॉन्ग पान की दुकान एक हाई-एनर्जी वाला डांस नंबर है, जिसमें शाहिद कपूर का स्वैग और डांस स्टेप्स कमाल के हैं. गाने में उनके डांस मूव्स दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं. ये गाना इतना जबरदस्त है कि इसे सुनकर हर कोई झूमने को मजबूर हो जाए. वहीं, गाने में दिशा की मौजूदगी ने चार चांद लगा दिए हैं. गाने में उनकी ग्रेसफुल और ग्लैमरस परफॉर्मेंस फैंस को और भी ज्यादा भा रही है. गाने को सुखविंदर सिंह और रेखा भारद्वाज ने मिलकर गाया है, जबकि इसके लिरिक्स गुलजार साहब ने लिखे हैं और विशाल भारद्वाज ने इसका संगीत तैयार किया है.

# उच्च न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी की मनमानी पर लगाई रोक

## 33 ग्राम पंचायत को कोरिया जिले का हिस्सा माना, शिक्षकों को मिली बड़ी राहत

**कोरिया बिलासपुर।** माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी (मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) द्वारा की गई कथित मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जारी आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से विकासखंड खड़गवां की 33 ग्राम पंचायतों को कोरिया जिले का हिस्सा मानते हुए शिक्षकों को बड़ी राहत प्रदान की है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर, जिला कोरिया को 21 दिनों के भीतर शिक्षकों के संबंध में नवीन आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।



प्रकरण की पृष्ठभूमि में बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर विकासखंड खड़गवां की 33 ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक रूप से कोरिया जिले में सम्मिलित किया गया था। शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों ने इन पंचायतों का प्रभार कलेक्टर कोरिया को सौंप दिया, किंतु शिक्षा विभाग द्वारा तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी ने आदेश का पालन नहीं किया। आरोप है कि गलत लाभ लेने की नीयत से इन पंचायतों के अंतर्गत आने वाली शालाओं के शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के तहत मनेन्द्रगढ़ और भरतपुर में पदस्थ कर दिया गया। इस मनमानी से प्रभावित शिक्षकों ने पहले कलेक्टर एमसीबी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कथित रूप से कलेक्टर को भ्रमित कर दिया गया। न्याय न मिलने पर शिक्षकों ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय ने मामले में जिला शिक्षा अधिकारी को उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने आदेश में स्वीकार किया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा गलत जानकारी दी गई थी, लेकिन आदेश के अंत में एक पंक्ति जोड़ते हुए जनकपुर में की गई पदस्थापना को सही ठहरा दिया। इससे असंतुष्ट होकर शिक्षकों ने पुनः माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने इस बार प्रकरण को संभाग स्तरीय समिति को सौंपते हुए निष्पक्ष निर्णय देने के निर्देश दिए। संभागीय समिति ने अपने आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासन के निर्देशों के उल्लंघन और मनमानी का स्पष्ट उल्लेख किया तथा मामला जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी को वापस भेजा। हालांकि वहां भी सभी तथ्यों को स्वीकारने के बावजूद अंततः जनकपुर के आदेश को सही मान लिया गया। तीसरी बार शिक्षकों द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। प्रथम सुनवाई के दिन ही माननीय उच्च न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी के आदेश को निरस्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर, जिला कोरिया को 21 दिनों के भीतर नया आदेश जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

बताया जा रहा है कि इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ हर बार कलेक्टर महोदय का अनुमोदन प्राप्त कर आदेश जारी करते रहे, जिसे अब माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना माना जा रहा है। शिक्षकों के विद्वान अधिवक्ता ने न्यायालय की अवमानना (कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट) का प्रकरण भी दायर करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से प्रभावित शिक्षकों में संतोष का माहौल है और इसे प्रशासनिक मनमानी पर बड़ी न्यायिक रोक के रूप में देखा जा रहा है।

## पिकअप ने कई बाइक को लिया चपेट में, एक की मौत



**सूरजपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुतिया नाला के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइक सवारों को चपेट में ले लिया. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके अलावा दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं. गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है. मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. घटना से आक्रोशित लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी, जिसके बाद वह भीड़ को चकमा देकर फरार हो गया. बताया जा रहा है कि पिकअप पहले जप्त अवैध धान लेकर लौट रहा था. पुलिस ने वाहन जप्त कर जांच शुरू कर दी है.

## ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा स्थानीय व्यापार पर गहराता संकट



**रामानुजगंज।** क्षेत्र में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले जहाँ ऑनलाइन खरीदारों की संख्या सैकड़ों में थी, वहीं अब यह संख्या प्रतिदिन लगभग 5,000 तक पहुँच गई है। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि गली-मोहल्लों में खुलने वाली छोटी दुकानें बंद होने के कगार पर पहुँच गई हैं। आज उपभोक्ता पास की दुकानों से सामान खरीदने के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करना अधिक पसंद कर रहे हैं। रामानुजगंज में ऑनलाइन माध्यम से ज्वेलरी, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, जूते-चप्पल सहित अनेक वस्तुएँ मंगाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से 80 से 85 प्रतिशत सामान स्थानीय बाजार में उपलब्ध होने के बावजूद लोग ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं। कॉस्मेटिक एवं श्रृंगार सामग्री के दुकानदार वासु केसरी का कहना है कि उनकी दुकान में पर्याप्त स्टॉक और विभिन्न वैरायटी उपलब्ध हैं, फिर भी ऑनलाइन शॉपिंग के कारण उनकी बिक्री लगातार प्रभावित हो रही है। मुख्य बाजार में कपड़े की दुकान चलाने वाले विकास गुप्ता (विक्की) बताते हैं कि रामानुजगंज का यह सबसे प्रमुख बाजार होने के बावजूद पहले जैसी ग्राहकी नहीं रही। लोग अब दुकानों तक आने से बच रहे हैं, जिसका सीधा कारण ऑनलाइन शॉपिंग है। कपड़ा व्यवसायी रितेश केसरी (बिट्टू) ने बताया कि वे त्यौहारों को ध्यान में रखकर भरपूर तैयारी करते हैं, लेकिन ऑनलाइन खरीदारी के कारण अपेक्षित बिक्री नहीं हो पा रही है। मोबाइल दुकानदार अमित गुप्ता का कहना है कि वे ऑनलाइन रेट के बराबर या उससे कम दाम में मोबाइल उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं, इसके बावजूद कई ग्राहक ऑनलाइन मोबाइल मंगाते हैं और बाद में खराबी या समस्या होने पर शिकायत लेकर स्थानीय दुकानों पर ही आते हैं। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में पारंपरिक दुकानों का अस्तित्व बनाए रखना कठिन हो जाएगा।

## पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग रह रही महिला की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

**दुर्ग।** भिलाई में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही गर्लफ्रेंड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत में हो गई। वह लिव-इन पार्टनर साथ पी रहे थी। इस दौरान गर्लफ्रेंड के नाक से खून निकलने लगा। हालत बिगड़ने पर बॉयफ्रेंड उसे अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला भिलाई भट्टी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गर्लफ्रेंड का नाम राजिंदर कौर (35) है। वह लिव-इन पार्टनर राजा नाथ (नाग) के सेक्टर-2, स्ट्रीट-12 में तीन साल से रह रही थी। राजिंदर शादीशुदी थी और उसके दो बच्चे भी हैं। लेकिन वह पति को छोड़कर बॉयफ्रेंड के साथ रह रही थी।जांच में सामने आया है कि गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड में अक्सर विवाद होता था। ऐसे में राजिंदर के परिजनों में हत्या की आशंका जताते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस पूरे मामले में भिलाई भट्टी थाना पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। दरअसल, राजिंदर कौर का राजा नाथ के साथ प्रेम संबंध था। दोनों साथ रहते थे। 5 फरवरी की रात दोनों शराब पी रहे थे। इस दौरान अचानक राजिंदर के नाक से ब्लड आने लगा। किसी तरह उन्होंने ब्लड रोकने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी और राजिंदर की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद राजा नाथ की मां ने राजिंदर को जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 6 फरवरी को मौत की पुष्टि हुई।

## अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, की कार्यवाही

**चिरमिरी।** जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चिरमिरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि शराब बनाने वाला मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया।पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाए जा रहे ठिकाने को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है साथ में शराब बनाने वाले हांडी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस को मुखबिर से अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने मोहारीडांड जंगल में तत्काल दबिश दी। मौके से करीब 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। बरामद शराब प्लास्टिक की पन्नी में भरी हुई थी, जिसे बिक्री के लिए तैयार रखा गया था।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। वहीं शराब बनाने का



मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जिसे पुलिस जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही हैं।चिरमिरी पुलिस के अनुसार फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जब्त शराब को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।एमसीबी जिले के चिरमिरी में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें।

## केरल ने मणिपुर को1-0 से हराया, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिस्टर जैफ को



**चरचा कॉलरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में यह ऐतिहासिक आयोजन प्रतिदिन नए शिखर को छू रहा है। जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे खेल प्रेमी दर्शकों की संख्या में भी जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला-पुरुष दर्शक फुटबॉल के इस महाकुंभ के साक्षी बनने स्टेडियम पहुंच रहे हैं और फुटबॉल के खेल की नई नई तकनीक को देखकर आनंद ले रहे हैं प्रतियोगिता के छठवें दिन केरल पुलिस व मणिपुर इंफाल की टीम के बीच जबरदस्त रोमांचक मैच खेला गया।

मैच प्रारंभ होने के पूर्व मुख्य अतिथि रवि कुर्रे पुलिस अधीक्षक कोरिया का स्वागत पुष्प गुच्छ सेआयोजन समिति के द्वारा किया गया इसके पश्चात ढोल नगाड़े की धुन के साथ ससम्मान पुलिस अधीक्षक मैदान में पहुंचे व सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामना दी तत्पश्चात स्टेडियम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमी दर्शकों के द्वारा खड़े होकर राष्ट्रगान गया गया इस दौरान वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से आए हुए चर्चा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय खान अधीक्षक विशिष्ट अतिथि वी .श्रीनिवास ,छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष व चिरमिरी क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार विराजी , कोरिया जिला चिकित्सालय के डॉक्टर बनसरिया श्रमिक नेता हरि यादव, धर्मेंद्र सिंह ,क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक गौरव दुबे, धर्मवीर सिंह सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक स्टेडियम में उपस्थित रहे ,यह मैच बेहद शानदार रहा दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया किंतु निर्धारित पहले हाफ टाइम तक कोई गोल नहीं कर सके, हाफ टाइम के पश्चात लगभग 20 वे मिनट में केरल पुलिस की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 15 जेफ ने शानदार गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी और यह बढ़त खेल समाप्ति तक बनी रही जिससे केरल की टीम एक गोल से विजई हुई इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए केरल की टीम के खिलाड़ी जेफ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि रवि कुर्रे पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिया गया इसके अतिरिक्त केरल पुलिस के गोलकीपर को उत्कृष्ट खेल हेतु सह क्षेत्र प्रबंधक वी निवास के द्वारा ?1000 का नगद पुरस्कार दिया गया। विदित हो कि कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे जी को उनके 27 वर्षों के सेवाकाल में सराहनीय कार्य हेतु राष्ट्रपति महोदया द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है उनकी यह उपलब्धि निश्चित ही कोरिया जिले वासियों के लिए गर्व की बात है महाजन स्टेडियम में उपस्थित हजारों दर्शकों की उपस्थिति में आयोजन समिति के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरिया को सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मोहम्मद रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद, प्रवीण डेहरिया, कोषाध्यक्ष महेश कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप डे, मोहम्मद ताहिर, मुनाफ अली, अब्दुल्ला, रोशन सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आज दिल्ली पुलिस व दुर्गापुर वेस्ट बंगाल की टीम के बीच दोपहर 3 बजे से मैच प्रारंभ होगा।

## बुजुर्ग पड़ोसी ने मासूम बच्ची पर किया कुल्हाड़ी से हमला, अस्पताल में भती

**भिलाई।** 70 साल के बुजुर्ग ने ढाई साल के बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बुजुर्ग पड़ोसी ने घर के अंदर खेलने से मना किया था, नहीं मनाने पर उसने हमला कर दिया। बच्चा की हालत गंभीर है। जिसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग परदेसी देवांगन ग्राम जोरातराई का रहने वाला है। शनिवार को ढाई साल का बच्चा बुजुर्ग के घर के अंदर खेल रहा था। ऐसे में उसने मना किया, लेकिन बच्चा नहीं माना। जिससे नाराज होकर बुजुर्ग से कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन बच्चे को तुरंत इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, मासूम की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना से परिवार में भारी आक्रोश है। सूचना मिलते ही उतई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग परदेसी देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 9 से 16 फरवरी तक मिलेगा पुण्य लाभ

**कोरिया सोनहत।** धर्म, आस्था और संस्कारों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महादेव सेवा समिति सोनहत के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन 09 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्टेडियम ग्राउंड, सोनहत में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं को शिव महापुराण की दिव्य कथाओं का श्रवण लाभ प्राप्त होगा। कथा वाचन आचार्य विनय कान्त त्रिपाठी (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से सायं 06 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 09 फरवरी 2026 (सोमवार) को कलश यात्रा, महात्म्य कथा एवं शिवलिंग पूजन के साथ किया जाएगा।

कथा के दौरान शिव निवास रुद्राक्ष महिमा, नारद मोह, कामदेव-सती-पार्वती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, कार्तिकेय चरित्र, गणेश जन्मोत्सव, नंदीश्वर अवतार, हनुमान जन्मोत्सव, द्वादश ज्योतिर्लिंग महोत्सव, पार्थिव शिवलिंग एवं देवी चरित्र जैसे प्रमुख प्रसंगों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 16 फरवरी 2026 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से भंडारा एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में भंडारा एवं प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था रहेगी। इस धार्मिक आयोजन में श्रीमती रेणुका सिंह (विधायक, भरतपुर-सोनहत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार) का विशेष सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजक समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार



सहित इस पुण्य अवसर में सहभागी बनकर भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करें।

## नवा रायपुर का सफर होगा आसान, अगले 6 महीने में दौड़ेंगी 40 ई-बसें

**रायपुर।** मंत्रालय के कर्मचारियों और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रायपुर से नवा रायपुर के बीच अगले छह महीनों में ई-बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना केंद्र सरकार के सहयोग से संभव हो रही है, जिससे नवा रायपुर में आवागमन सुगम होगा और वहां की बसाहट को बढ़ाने के सरकारी प्रयासों को भी बल मिलेगा। नवा रायपुर स्थित मंत्रालय और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने वाले लोगों के लिए पिछले सात-आठ वर्षों से चल रहा इंतजार अब समाप्त होने वाला है।







# सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान के समापन पर कार्यक्रम, दिए गए पुरस्कार

**एमसीबी।** बीते शनिवार को जिले में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया गया जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के अवसर पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमसीबी पुलिस द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवहार के लिए प्रेरित करने की बातों पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक मनेन्द्रगढ़ श्यामबिहारी जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह द्वारा की गई । इस अवसर पर 18वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ के कमांडेंट संजय शर्मा विशेष रूप से मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नगर पंचायत खोगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव एवं नगर पंचायत लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन सम्पन्य हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमसीबी पुष्पेंद्र नायक, एसडीएम मनेन्द्रगढ़ लिंगराज मंडल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री ए. टोप्पो, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती तरसीला टोप्पो, थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी, पुलिस लाइन रक्षित निरीक्षक, हेमंत टोप्पो, थाना प्रभारी झगराखण्ड रामनयन गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्यामबिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं होतीं, बल्कि वे अनेक परिवारों के जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा एवं यातायात नियमों के पालन को जीवन रक्षा हेतु अनिवार्य बताते हुए नागरिकों से सतर्क एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले के 117 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 4,000 से अधिक विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति शिक्षित किया गया। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 50 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई, जो पुलिस-जन सहभागिता का सशक्त प्रमाण है । आयोजन में विद्यालयीन बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता पर आधारित नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम का व्यापक प्रसारण एवं प्रकाशन किया। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ किया गया ,सुरक्षित सड़कें तभी संभव हैं जब प्रत्येक नागरिक सतर्क, अनुशासित एवं जिम्मेदार बने।

## रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई : स्व. कुलदीप निगम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

**रायपुर।** प्रेस क्लब खेल मड़ई के अंतर्गत आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्शकों का उत्साह बना हुआ है। सुभाष स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मैच में वीडियो जर्नलिस्ट ने दैनिक भास्कर को 7 विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 98 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दैनिक भास्कर टीम के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना पाए और जल्दी जल्दी पैवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाज विनोद कुमार बिना खाता खोले इकराम कुरैशी की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद आये राकेश पांडे और प्रशांत गुप्ता थोड़ा रन जोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे दोनों जल्दी ही पैवेलियन लौट गए। राकेश पांडेय 6 रन और प्रशान्त गुप्ता 9 रन बनाए। इसके बाद आये अमिताभ दुबे जैनी राम ने पारी संभालने की कोशिश की। संभलकर खेल रहे जैनी राम गेंद को बाउंड्री पार भेजने के चक्कर मे सुनील की गेंद पर मनीष को कैच थमा बैठे। जैनी राम ने दो चौके और एक छक्का की मदद से 12 गेंदों में 18 रन बनाए। इसके बाद आये होमेन्द्र साहू ने पारी संभाली। दूसरे छोर पर संभलकर खेल रहे अमिताभ दुबे 8 रन के निजी स्कोर पर रनआउट हो गए। फिर कप्तान कौशल स्वर्णबेर ने पारी संभालते हुए एक चौका एक छक्का की मदद से नाबाद 13 रन बनाए। वहीं होमेन्द्र साहू भी 19 रन बनाकर कैच आउट हो गए। इसके बाद आये अमृत राज भी 2 रन बनाकर पैवेलियन लौट गए। वीडियो जर्नलिस्ट की ओर से एकराम कुरैशी सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 2 विकेट झटके, जबकि सुनील, टाकेश्वर और होरी साहू ने एक - एक बल्लेबाज को पैवेलियन भेजा। जवाब में वीडियो जर्नलिस्ट ने 8.4 ओवर में 3 विकेट पर 102 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया।




## हनुमत कथा के लिए 11 को बैठक

**कोरबा।** शास्त्री धीरेंद्र कृष्ण की हनुमत कथा छात्र प्रतिपदा से शुरू हो रही है । आयोजन समिति रे 11 फरवरी को इस बारे में जश्न रिसोर्ट में दोपहर को एक बैठक रखी है। विविध संगठनों से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। उसकी उपस्थिति में पूरे आयोजन की रूपरेखा और अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

## सॉजी व सरकार बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**कोरबा।** सीटू का अधिवेशन दल्लीराजहरा में आयोजित किया गया। जिसमें कोरबा एरिया केएसएस के महामंत्री अनूप सरकार व कुसमुंडा के सॉजी जॉन को सीटू का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। इसकी जानकारी होने पर केएसएस के कार्यकर्ताओं में हर्ष है। अनूप सरकार व सॉजी जॉन केएसएस में काफी दिनों से सक्रिय हैं और संगठन को मजबूत कर रहे हैं।

## बसपा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** बसपा की जिला स्तरीय बैठक निहारिका क्षेत्र में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के अलावा सेक्टर समिति को आगे बढ़ाने मुद्दे तय किए गए। सेक्टर समिति को मजबूत करने से संगठन तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। इसके लिए जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में राघवेंद्र मनहर, गज्जू चौहान, महेंद्र मिरी ने कई सुझाव दिए।

## शिव महापुराण कथा आयोजन

**कोरबा।** आमरैया नवधा पंडाल में शिव महापुराण कथा का आयोजन महिला समिति की ओर से किया जा रहा है। 16 फरवरी को इसका शुभारंभ होगा । पंडित चंदन कृष्ण शास्त्री यहां पर कथा वाचन करेंगे। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

***कोरबा।** भाजपा के विधायक सुशांत शुक्ला आज कोरबा आकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसके अलावा वे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बजट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे।

# नशे में सुध-बुध खोए पति ने छीन ली पत्नी की जिंदगी, इलाके में शोक

## ढेलवाडीह में घरेलू हिंसा की खौफनाक तस्वीर से सक्ते में लोग

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेलवाडीह गायत्री मोहल्ले में रविवार की रात पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। शराब के नशे में धुत पति ने अपनी ही पत्नी पर धारदार गेंती से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल पत्नी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

मृतका की पहचान रंजना यादव निवासी ढेलवाडीह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजना अपने पति तुलसी यादव से विवाद के चलते कुछ समय से मायके ढेलवाडीह में रह रही थी। सोमवार की रात करीब 9 बजे आरोपी पति तुलसी यादव शराब के नशे में मायके पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। बताया जा रहा है कि दंपती के बीच संतान न होने को लेकर अक्सर झगड़े होते रहते थे। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पति ने गुस्से में आकर धारदार गेंती से पत्नी के सिर और शरीर पर





कई वार कर दिए। हमले में रंजना गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और मोहल्ले के लोगों ने तत्काल घायल महिला को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने पर कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति तुलसी यादव की तलाश शुरू कर दी है। घटना से पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है।

## लापरवाही दिखाई तो होगी कार्रवाई

**कोरबा।** जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस एन केसरी ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के साथ यहां की व्यवस्था को देखा। उन्होंने संसाधनों के साथ-साथ वार्डों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उनके साथ थी। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने साफ तौर पर कहां की गुणवत्ता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लोगों को दिया जाना चाहिए यहां के कर्मचारियों को इस बात को ध्यान में रखना होगा कि वह समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें और बायोमेट्रिक पर अटेंडेंस भी लगाएं। इस मामले में किसी भी प्रकार की मनमानी मिलने पर कार्रवाई होगी। खबर के अनुसार सीएमएचओ को पता चला था कि बीएमओ कार्यालय के कई कर्मी देर से आते हैं और समय से पहले घर चले जाते हैं। इस वजह से विभागीय कामकाज बाधित हो रहा है।

## खड़ी बाइक में लगी आग पेट्रोल टंकी फटने से अफरा-तफरी



**कोरबा।** कोरबा जिले के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़निया में रविवार शाम एक खड़ी बाइक में आग लग गई। इस घटना के दौरान बाइक का चालक मनीराम यादव, जो शराब के नशे में था, वाहन के पास ही सो रहा था। मनीराम यादव सर्वमंगला की ओर से अपने गृह ग्राम पड़निया जा रहा था। नशे की वजह से उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और वहीं सो गया। इसी दौरान उसकी बाइक में आग लग गई। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने के बाद पेट्रोल टंकी फटने से अफरा-तफरी मच गई। कुछ राहगीरों की नजर जलती हुई बाइक और उसके पास सो रहे चालक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मनीराम यादव को जलती बाइक से दूर हटाया। कुछ ही देर में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# दूसरे एफओबी, प्लेटफार्म विस्तार और शेड सहित कई कार्यों की धीमी रफ्तार, सुस्त है एजेंसी


## अमृत भारत स्टेशन के तहत कराए जा रहे काम

**कोरबा।** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत कोरबा स्टेशन के कायाकल्प की शुरुआत लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन अब तक न तो नया फुट ओवर ब्रिज बन सका है और न ही प्लेटफार्म विस्तार व शेड निर्माण जैसे जरूरी कार्य पूरे हो पाए हैं। काम की धीमी गति ने योजना की मंशा पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज अब तक तैयार न होने के कारण यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ के समय पटरियों को पार करना मजबूरी बन गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। बुकिंग कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने प्रस्तावित पोर्च निर्माण सहित अन्य सौंदर्यीकरण कार्य भी अधर में लटके हुए हैं। इससे स्टेशन की अव्यवस्था और बदहाल तस्वीर यात्रियों के सामने साफ नजर आती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले कई अन्य रेलवे स्टेशनों में अमृत भारत योजना के



कार्य समय से पहले ही पूरे कर लिए गए हैं। इसके विपरीत कोरबा स्टेशन में निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी होने से स्थानीय लोग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

### यात्रियों और शहरवासियों में नाराजगी

रोजाना स्टेशन का उपयोग करने वाले यात्रियों और शहरवासियों का कहना है कि अधूरे निर्माण कार्यों से न केवल परेशानी बढ़ी है, बल्कि स्टेशन की छवि भी खराब हो रही है। लोग मांग कर रहे हैं कि रेलवे प्रशासन जल्द से जल्द कार्यों में तेजी लाए।

### केवल कोयला डिस्पेच पर दिया जा रहा ध्यान

रेल संघर्ष समिति कोरबा का कहना है कि लंबे समय से कोरबा यात्री सुविधाओं की उपेक्षा सबसे गंभीर विषय रहा है। 18 करोड़ से स्वीकृत और इससे कहीं ज्यादा खर्च के बाद भी पिट लाइन तैयार कर ली गई और इसका उपयोग सुनिश्चित नहीं हो सका है। जानबूझकर लंबी दूरी की ट्रेन कोरबा से ना चलाना पड़े, इसके लिए रेलवे अधिकारी हेकड़ी कर रहे है। यात्रियों की सुविधाओं की अध्यक्ष के साथ कोरबा से अधिकतम मात्रा में कोयला डिस्पैच करते हुए गुड्स ट्रेन संचालित कराई जा रही है। स्टेशन के आसपास ही रहने वाले रेल कर्मी के अलावा आप लोग उच्च प्रावधान की कार्यप्रणाली से खफा है।

### प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल

निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर रेलवे प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# जंगल में कांच के टुकड़े मिलने से सनसनी पुलिस ने डाला डेरा, जांच में जुटी



फाइल फोटो

**कोरबा।** बरपाली से गिरारी के बीच जंगल मार्ग में बड़ी मात्रा में कांच के टुकड़े और अन्य संदिग्ध सामान मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मामला क्या है और सच्चाई क्या है।

अपुष्ट जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर अलग-अलग तरह की बातें सामने आ रही हैं। कुछ लोगों द्वारा यह आशंका जताई जा रही है कि गौवंश की हत्या कर अवशेष यहां फेंके गए हैं। हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि जंगल के इस रास्ते पर बड़ी मात्रा में कांच के टुकड़े और खून जैसे धब्बे देखे गए हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र में तरह-तरह की आशंकाएं और कयास लगाए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरबा, करतला और श्यांग थाना क्षेत्र की पुलिस बल मौके पर पहुंच गई है। पुलिस द्वारा पूरे इलाके की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल से पहले कामगारों का प्रदर्शन

**कोरबा।** 12 फरवरी को कोल इंडिया में होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चार श्रमिक संगठनों ने जन जागरण अभियान चलाते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। आज कुसमुंडा क्वारी नं.-3 के सामने चार श्रमिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कई दिनों से जारी है। क्वारी नं.-3 के सामने सॉजी जॉन, एनके सिंह, मुकेश साहू, अजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया। जबकि आज सुराकछार में भी मनीष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। ढेलवाडीह में उपेन्दर कुमार, सराईपाली में राजेश साहू, कृष्णा तिवारी, रजगामार में कमर बख्श, रामनाथ कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। जबकि हड़ताल को लेकर कल दीपका में कन्वेंशन आयोजित किया गया है। जिसमें एसकेएमएस, एसईसीएल के महामंत्री अजय विश्वकर्मा एवं गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, रेशमलाल यादव, मिर्जा साहू, दीपक उपाध्याय, छंदराम राठौर, रामकुमार कौशिक सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। प्रबंधन ने हड़ताल के असर को कम करने के लिए लगातार श्रमिक संगठनों से चर्चा कर रही है। कल गेवरा में जेसीसी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इसी तरह अन्य इकाईयों में लगातार जेसीसी की बैठक हो रही है।



**पंचगव्य का आकर्षण:** सरस्वती हाई सेकंडरी विद्यालय सीएसईबी कोरबा में गो संवर्धन सेवा समिति ने पंचगव्य पर आधारित सामग्रियों का स्टाल लगाया। जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित को जानने और खरीदने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

***कोरबा।** एसईसीएल हेलीपेड के पास का ग्रीन बेल्ट बेजा कब्जा की भेंट चढ़ रहा है। नगर निगम और प्रशासन इस मामले में जानकारी मिलने के बाद भी उदासीन है।

**किराए पर देना है**

कोरबा बुधवारी बाजार के पास एचआईजी-4 नेहरू नगर स्किन केयर क्लीनिक के ऊपर प्रथम तल सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए पर देना है।

संपर्क करें

मो. नं.-98263 89894

# इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग में गोल्ड सहित 10 पदक जीतने में सफल रहे प्रदेश के खिलाड़ी

## कोरबा के अभिषेक ने जीते स्वर्ण और रजत

**कोरबा।** वॉको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा के डी जाधव स्टेडियम नई दिल्ली में 4 से 8 फरवरी तक आयोजित वॉको इंडिया इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप 2026 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 8 किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों ने अलग अलग वजन वर्ग और इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और राज्य का नाम गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, टर्की, किर्गिस्तान, सीरिया, इराक, इजिप्ट, अल्जीरिया ,पेलेस्टाइन जैसे देशों के खिलाड़ियों ने अपने दमखम, अनुशासन के साथ हिस्सा किया। छत्तीसगढ़ के



खिलाड़ियो ने भारतीय दल की ओर से खेलते हुए कड़ी मेहनत के बल पर कुल 10 पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 4 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। कोरबा जिले के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी में प्रशिक्षित अभिषेक खांडेकर ने 1 स्वर्ण, 1 रजत जीतकर प्रदेश एवं देश का नाम रौशन किया। इन्होंने अपने जीत का श्रेय अपने माता-पिता तथा कोच तारकेश मिश्रा को दिया। इसी प्रकार रायपुर से तृती सिंह ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य, श्लोक झा ने स्वर्ण, यथार्थ द्विवेदी ने स्वर्ण, राजकुमार ने रजत, सत्यम साहू ने स्वर्ण, सरगुजा की स्वाति रजवाड़े एवं आयुष सारथी ने रजत पदक जीता। खिलाड़ियों ने एसोसिएशन के सचिव आकाश गुरुदिवान और प्रशिक्षक सर्वर एक्का के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा खेल संघ के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि से प्रदेश में किकबॉक्सिंग खेल के विकास को और भी गति मिली है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई दी। किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय सहित अन्य प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी है।

***कोरबा।** शहरी क्षेत्र में कई जगह गली-मोहल्लों से इकट्ठा किए जाने वाला कचरा का परिवहन खुले वाहनों से हो रहा है। लोगों ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com